!! श्री कृष्ण शरणम् ममः!!

आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594

वर्ष-11 । अंक 68 । मूल्य - 2 रुपए । पृष्ठ-08 । नगर संस्करण

# दैनिक आदित्य भारत

सदैव सत्य के साथ...

इंदौर , भोपाल व रायपुर से एक साथ प्रकाशित

इंदौर सोमवार, 10 मार्च, 2025



# भारत का तीसरा चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब

## फाइनल में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया, रोहित शर्मा प्लेयर ऑफ द मैच, रचिन ने जीता प्लेयर ऑफ द सीरीज का टाइटल

**एजेंसी ● दुबई**

भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में न्यूजीलैंड को छह विकेट से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया है। यह भारत का लगातार दूसरा आईसीसी टूर्नामेंट खिताब है। इससे पहले 2024 में टीम इंडिया ने टी20 विश्व कप जीता था। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने सात विकेट गंवाकर 50 ओवर में 251 रन बनाए थे। जवाब में भारत ने 49 ओवर में छह विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। रोहित ने कप्तानी पारी खेली। उन्होंने 76 रन बनाकर भारत को मुश्किल से निकाला। यह भारत की सातवीं आईसीसी ट्रॉफी है। इससे पहले टीम 1983 और 2011 वनडे विश्व कप, 2007 और 2024 टी20 विश्व कप और 2002, 2013 और 2025 चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीत चुकी है। भारत इस पूरे टूर्नामेंट में अजेय रहा। उसने लगातार पांच मैच जीते। ग्रुप स्टेज में बांग्लादेश, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड को हराने के बाद सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया और फाइनल में फिर से कीवियों को हराया।

**न्यूजीलैंड की पारी:** न्यूजीलैंड ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में भारत के सामने 252 रन का लक्ष्य रखा था। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कीवी टीम 50 ओवर में सात विकेट गंवाकर 251 रन बना सकी। आखिरी पांच ओवर में 50 रन बने, जिसकी वजह से न्यूजीलैंड इस आंकड़े को छू सका। इसमें सबसे बड़ा योगदान माइकल ब्रेसवेल का रहा। उन्होंने वनडे करियर का पहला अर्धशतक लगाया। ब्रेसवेल ने 40 गेंद में तीन चौके और दो छक्के की मदद से 53 रन की नाबाद पारी खेली। इसके अलावा डेरिल मिचेल 63 रन और ग्लेन फिलिप्स ने 34 रन बनाए। भारत की ओर से कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती ने दो-दो विकेट लिए। वहीं, जडेजा को एक विकेट मिला। एक विकेट शमी ने लिया और एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। कीवियों की शुरुआत अच्छी रही थी। विल यंग और रचिन रवींद्र के बीच 57 रन की साझेदारी हुई। वरुण चक्रवर्ती ने यंग को आउट कर कीवियों को पहला झटका दिया। इसके बाद कुलदीप का कमाल देखने को मिला। उन्होंने रचिन रवींद्र और केन विलियम्सन को पवेलियन भेजा। ये दोनों बल्लेबाज न्यूजीलैंड के लिए रीढ़ की हड्डी रहे हैं। इन दोनों के विकेट गिरते ही कीवी कमजोर पड़ गए। जहां एक समय कीवी छह से ज्यादा के रन रेट से स्कोर कर रहे थे। 18 रन के अंदर शुरुआती तीन विकेट गंवाते ही रन रेट साढ़े चार के करीब आ गया। यंग 15 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, रचिन ने 29 गेंद में चार चौके और एक छक्के की मदद से 37 रन की पारी खेली। विलियम्सन 11 रन बना सके। इसके बाद डेरिल मिचेल ने टॉम लाथम और ग्लेन फिलिप्स के साथ पारी संभालने की कोशिश की। मिचेल ने लाथम के साथ 33 रन की और फिलिप्स के साथ 57 रन की साझेदारी निभाई। लाथम को जडेजा और फिलिप्स को वरुण ने पवेलियन भेजा। लाथम 14 रन और फिलिप्स 34 रन बना सके। इस बीच डेरिल मिचेल ने वनडे करियर का आठवां अर्धशतक लगाया। वह 101 गेंद में तीन चौके की मदद से 63 रन बनाकर आउट हुए। आखिर में ब्रेसवेल ने आक्रामक बल्लेबाजी की। सैंटनर आठ रन बनाकर रन आउट हुए।

**भारत की पारी:** 252 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम इंडिया की शुरुआत शानदार रही थी। रोहित ने इंटेंट दिखाया और शुरुआत से ही ताबड़तोड़ पारी खेली। उन्होंने शुभमन गिल के साथ पहले विकेट के लिए 105 रन की साझेदारी निभाई। गिल 50 गेंद में 31 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद विराट कोहली भी एक रन बनाकर चलते बने। एक रन के अंदर भारत ने दो विकेट गंवाए। रोहित ने 41 गेंद में वनडे करियर का 58वां अर्धशतक पूरा किया। वह 83 गेंद में सात चौके और तीन छक्के की मदद से 76 रन बनाकर आउट हुए। दो विकेट गिरने के बाद रन रेट बढ़ाने के चक्कर में वह रचिन रवींद्र की गेंद पर स्टंप हुए। इसके बाद श्रेयस अय्यर ने अक्षर पटेल के साथ 61 रन की साझेदारी निभाई। श्रेयस अर्धशतक से चूक गए और 62 गेंद में दो चौके और दो छक्के की मदद से 48 रन बनाकर पवेलियन लौटे। अक्षर पटेल 29 रन और हार्दिक पांड्या 18 रन बनाकर आउट हुए। केएल राहुल ने 33 गेंद में एक चौका और एक छक्के की मदद से 34 रन और रवींद्र जडेजा नौ रन बनाकर नाबाद रहे। जडेजा ने विनिंग फोर लगाया। न्यूजीलैंड की ओर से मिचेल सैंटनर और ब्रेसवेल ने दो-दो विकेट लिए, जबकि जेमीसन और रचिन को एक-एक विकेट मिला।

### हिटमैन को मैच जीताऊ पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के लिए मैच जिताऊ पारी खेली और हिटमैन को उनकी इस पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। वहीं इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले न्यूजीलैंड के युवा ओपनर बल्लेबाज रचिन रवींद्र को प्लेयर ऑफ द सीरीज का टाइटल दिया गया। रोहित ने फाइनल मुकाबले में भारत के लिए सबसे ज्यादा 76 रन की पारी खेली जबकि रचिन ने इस सीरीज में 4 मैचों में 263 रन बनाए और सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर भी रहे। रचिन को सबसे ज्यादा रन बनाने का इनाम मिला और वो प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम करने में सफल रहे।



### 12 साल पहले चैंपियंस ट्रॉफी जीता था भारत

भारतीय टीम ने अजेय रहते हुए चैंपियंस ट्रॉफी 2025 अपने नाम की। इससे पहले टीम इंडिया ने 12 साल पहले यानी 2013 में धोनी की कप्तानी में चैंपियंस ट्रॉफी में जीत हासिल की थी। भारत के लिए इससे पहले न्यूजीलैंड हमेशा कठिन चुनौती साबित हुआ है और आईसीसी टूर्नामेंटों में न्यूजीलैंड का भारत के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 10-7 का है। न्यूजीलैंड ने आईसीसी नॉकआउट चरण में भारत के खिलाफ पांच में से तीन मुकाबले जीते हैं और टीम इंडिया ने उन्हें दो बार हराया है। आईसीसी के वनडे इवेंट्स में भारत और न्यूजीलैंड 12 बार आमने-सामने आए हैं। इनमें भारत ने सात और न्यूजीलैंड ने छह मैच जीते हैं। आईसीसी के वनडे टूर्नामेंट्स के नॉकआउट में भारत और न्यूजीलैंड चार बार आमने-सामने आए हैं। इनमें से टीम इंडिया और कीवी दोनों ने दो-दो मैच जीते हैं।

### ट्रॉफी जीतने के बाद लगा बधाइयों का तांता

#### पीएम मोदी बोले- हमें टीम इंडिया पर गर्व

चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत के बाद बधाइयों का तांता लगा हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमें भारतीय क्रिकेट टीम पर गर्व है। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि एक असाधारण खेल और एक असाधारण परिणाम। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी घर लाने के लिए हमारी क्रिकेट टीम पर गर्व है। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है।

#### राष्ट्रपति बोलीं- भारतीय टीम ने रचा इतिहास

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी भारतीय टीम को बधाई दी। उन्होंने एक्स पर लिखा कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 जीतने के लिए टीम इंडिया को हार्दिक बधाई। भारत तीन बार ट्रॉफी जीतने वाली एकमात्र टीम बन गई है। क्रिकेट इतिहास रचने के लिए खिलाड़ी, प्रबंधन और सहयोगी स्टाफ सबसे ज्यादा प्रशंसा के पात्र हैं। मैं भारतीय क्रिकेट के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूं।

---

# मणिपुर में कुकी संगठनों ने अनिश्चितकालीन बंद बुलाया

## हिंसा के बाद एक्स्ट्रा फोर्स तैनात; पुलिस बोली- प्रदर्शनकारियों ने फायरिंग की, गुलेल चला रहे

**एजेंसी ● इंफाल**

मणिपुर में फ्री ट्रैफिक मूवमेंट के पहले दिन शनिवार को सुरक्षाबलों और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़प में 40 लोग घायल हुए हैं। राज्य में 8 मार्च से सभी इलाकों में सामान्य आवाजाही शुरू की गई, जिसका कुकी समुदाय के लोगों ने विरोध किया।

अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों की शनिवार की कार्रवाई के खिलाफ कुकी-जो समूहों द्वारा अनिश्चितकालीन बंद का आह्वान किया गया है। कांगपोकपी जिले में रविवार सुबह स्थिति तनावपूर्ण लेकिन शांत है। यहां अतिरिक्त सुरक्षाबलों को तैनात किया गया है।

मणिपुर पुलिस ने एक बयान में कहा कि प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी की है। गुलेल का भी इस्तेमाल किया गया है। सुरक्षाबलों के 5 वाहनों के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए। झड़प के दौरान 16 प्रदर्शनकारी घायल हो गए और एक प्रदर्शनकारी की चोटों के कारण मौत हो गई।

### हाईवे पर पेट्रोलिंग की जा रही है

कांगपोकपी जिले के एक अधिकारी ने बताया कि एनएच-2 (इम्फाल-दीमापुर रोड) के साथ गमघीफई और अन्य हिस्सों में अतिरिक्त सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए वाहनों की गश्त की जा रही है।



**वाहन जलाए, सड़कों पर पेड़ काटकर डाल दिए**

इससे पहले शनिवार को कुकी समुदाय ने प्रदर्शन के दौरान सड़कों पर पत्थर बिछाकर और टायर जलाकर सड़कें ब्लॉक करने की कोशिश की। कई जगह वाहनों में आग लगा दी गई। बसों को पलट दिया गया। इसके बाद सुरक्षाबलों ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले छोड़े।

### ITLF ने अनिश्चितकालीन बंद का समर्थन किया

कुकी-जो के संगठन इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम (ITLF) ने कुकी जो काउंसिल (KZC) द्वारा बुलाए गए अनिश्चितकालीन बंद का समर्थन किया है। संगठन ने कहा कि शनिवार को प्रदर्शन में शामिल लोगों का हम सम्मान करते हैं। लोगों से अपील है कि वे बंद का समर्थन करें।

### कुकी काउंसिल बोली- सरकार फैसले पर फिर विचार करे

कुकी जो काउंसिल (KZC) ने अपनी प्रेस रिलीज में कहा- झड़प में 50 से ज्यादा महिलाएं घायल हुई हैं। सुरक्षाकर्मियों के बल प्रयोग करने से हमारा संकल्प और भी मजबूत हो गया है। काउंसिल शांति का समर्थन करती है लेकिन शांति थोपने से नाराजगी और संघर्ष होगा। हम सरकार से इस फैसले पर दोबारा विचार करने का आग्रह करते हैं। काउंसिल मैतेई लोगों की स्वतंत्र आवाजाही की गारंटी नहीं दे सकती।

---

## न्यूज ब्रीफ

### राजा भैया के खिलाफ पत्नी ने दर्ज कराई FIR

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के कद्दावर नेता व पूर्व मंत्री और कुंडा से विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के खिलाफ उनकी पत्नी भानवी सिंह की शिकायत पर दिल्ली के सफदरजंग थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। भानवी ने अपनी पति राजा भैया व उनके परिवार पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।

### सोने नहीं देती थीं नवजात बेटियां तो मां ने कर दी हत्या

**हरिद्वार।** हरिद्वार में एक ऐसा दिल दहला देने वाला मामला सामने आया जिसे सुनकर हर कोई हैरान है। ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में मां ने अपनी ही छह महीने की जुड़वा बच्चियों की बेरहमी से हत्या कर दी। पुलिस ने मामले से पर्दा उठाते हुए आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया। उसने पूछताछ में कबूल किया है कि दोनों बच्चियां रात में अक्सर रोती थीं और उसे आराम नहीं मिलता था।

### होली पर 60 हजार करोड़ के व्यापार का अनुमान

**नई दिल्ली।** लोगों पर होली का रंग सर चढ़कर बोल रहा है। बाजार होली के रंग, पिचकारी से लेकर स्वादिष्ट मिष्ठान्नों से भर गया है। इस वर्ष अकेले होली पर देशभर में 60 हजार करोड़ का व्यापार होने का अनुमान है।

---

# शाहरुख खान, अजय देवगन, टाइगर श्रॉफ जयपुर कंज्यूमर कोर्ट में तलब

## विमल इंडस्ट्रीज के चेयरमैन को भी नोटिस; आरोप- पान मसाले में केसर का दावा कर भ्रमित कर रहे

**एजेंसी ● जयपुर**



बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान, अजय देवगन, टाइगर श्रॉफ और विमल कुमार अग्रवाल को जयपुर कंज्यूमर कोर्ट ने तलब किया है। विमल कुमार अग्रवाल, विमल पान मसाला बनाने वाली कंपनी जेबी इंडस्ट्रीज के चेयरमैन हैं। आरोप है कि केसर के नाम पर विमल पान मसाला खरीदने के लिए लुभाया जा रहा है, जबकि इसमें केसर है ही नहीं। केसर के नाम पर आम लोग भ्रमित हो रहे हैं। जयपुर के वकील योगेंद्र सिंह बडियाल की शिकायत पर यह नोटिस जारी किया गया है।

जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (कंज्यूमर कोर्ट) के अध्यक्ष ग्यारसी लाल मीना और सदस्य हेमलता अग्रवाल ने 5 मार्च को सुनवाई की थी। अगली सुनवाई की तारीख 19 मार्च की सुबह 10 बजे तय की गई है। कोर्ट ने कहा है कि यदि आप व्यक्तिगत रूप से या अपने अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होने में विफल रहते हैं, तो एकपक्षीय निर्णय लिया जाएगा।

शिकायतकर्ता योगेंद्र सिंह बडियाल ने दावा किया- विज्ञापन में कहा गया है कि दाने दाने में केसर का दम है। इसके कारण जेबी इंडस्ट्रीज करोड़ों रुपए कमा रही है। आम लोग नियमित रूप से पान मसाला खा रहे हैं। यह सेहत के लिए हानिकारक है और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन रहा है।

### उपराष्ट्रपति धनखड़ AIIMS में भर्ती : सीने में दर्द की शिकायत

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ (73 साल) को दिल्ली AIIMS में भर्ती कराया गया है। उन्होंने देर रात बेचैनी और सीने में दर्द की शिकायत की थी। उसके बाद रात करीब 2 बजे उन्हें AIIMS में एडमिट किया गया। फिलहाल वह कार्डियोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. राजीव नारंग की देखरेख में क्रिटिकल केयर यूनिट (CCU) में हैं। उनकी हालत स्थिर बताई गई है। PM नरेंद्र मोदी ने रविवार को AIIMS हॉस्पिटल जाकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली।

### मैं कभी गंगा में डुबकी नहीं लगाऊंगा : राज ठाकरे



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने गंगा नदी के पानी की गुणवत्ता पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि मैं कभी भी नदी में पवित्र डुबकी नहीं लगाऊंगा। लोगों से मेरा कहना है कि वे अंधविश्वास से बाहर आएं और दिमाग का सही इस्तेमाल करें। राज ठाकरे मनसे के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे।

आद्य गौड़ ब्राह्मण सेवा न्यास की मेजबानी में 1800 प्रत्याशियों ने दर्ज कराई अपनी मौजूदगी-बेबाकी से बताई अपनी पसंद

# सर्व ब्राह्मण समाज के परिचय सम्मेलन में 60 रिश्ते हुए तय

संवाददाता ● इंदौर

सम्मेलन

आद्य गौड़ ब्राह्मण सेवा न्यास द्वारा राजीव गांधी चौराहा स्थित शुभकारज गार्डन पर आयोजित सर्व ब्राह्मण समाज के अ.भा. परिचय सम्मेलन में रविवार को जहां एक के बाद एक, 60 रिश्ते तय होने की सूचनाएं मिली, वहीं लगभग 200 रिश्तों पर दोनों पक्षों के बीच वार्ताओं का दौर भी शुरू हो गया। राज्य के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक पं. रमेश मेंदोला, पं. गोलू शुक्ला, भाजपा के नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा एवं अनेक संत-विद्वानों ने भी परिचय सम्मेलन में पहुंचकर प्रत्याशियों एवं आयोजकों का उत्साहवर्धन किया। मंत्री विजयवर्गीय ने तो इस बार भी ब्राह्मणों के आशीर्वाद को सबसे बड़ा सौभाग्य बताते हुए जब यह कहा कि ऐसा कभी नहीं हुआ कि मैं इंदौर में रहूं और इस सम्मेलन में नहीं आऊं..., पिछले दो दशकों से लगातार इस परिचय सम्मेलन में आता रहा हूं... तो




उपस्थित विप्र बंधुओं ने करतल ध्वनि से उनका स्वागत किया। सम्मेलन में दिनभर में 7 हजार से अधिक समाज बंधु पहुंचे।

परिचय सम्मेलन प्रकोष्ठ के संयोजक पं. दिनेश शर्मा, महामंत्री पं. सुरेश शर्मा "काका", अध्यक्ष डॉ. लोकेश जोशी एवं समन्वयक राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि रविवार की सुबह भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण के साथ प्रारंभ हुए इस परिचय सम्मेलन में शाम सात बजे तक परिचय का मेराथन दौर चलता रहा। लगभग 600 प्रत्याशियों ने मंच पर पहुंचकर बेबाक लहजे में अपनी बात रखी। किसी को अपने समान उच्च शिक्षित जीवन साथी की तलाश थी तो किसी को गृह कार्य में दक्ष घर को संभालने वाली दुल्हन की। अधिकांश प्रत्याशियों ने स्वयं स्पष्ट किया कि वे इस रिश्ते के लिए किसी तरह की मांग नहीं रख रहे हैं। दोपहर बाद रिश्ते तय होने का सिलसिला भोपाल के युवक और विदिशा की युवती के पहले रिश्ते से शुरू हुआ और शाम ढलते-ढलते रिश्ते तय होने की संख्या 60 तक पहुंच गई। हालांकि होलाष्टक के चलते इन तय रिश्तों की घोषणा नहीं की गई। सम्मेलन में 1500 से अधिक प्रत्याशियों की प्रविष्ठियां प्राप्त हुई थीं और तत्काल पंजीयन के रूप में भी 300 प्रविष्ठियां आई। इस तरह करीब 1800 प्रत्याशियों ने इस सम्मेलन में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। परिचय का लाइव टेलीकास्ट मेगा स्क्रीन पर भी किया जा रहा था। भोजन शाला में मौजूद बंधुओं ने भी वहां लगी स्क्रीन पर मंच पर चल रहे परिचय के दृश्यों को देखा। अनेक पालकों ने भी मंच पर आकर अपने बेटे-बेटियों का विवरण दिया।

## शॉट न्यूज

### रामसिंह भाई की प्रतिमा हटी, छह माह के लिए सड़क भी होगी बंद

**इंदौर।** पाटनीपुरा चौराहे पर 22 साल पहले कांग्रेस के शासनकाल में श्रमिक नेता राम सिंह भाई की प्रतिमा लगाई गई थी, लेकिन अब उसे नगर निगम ने हटा लिया है। प्रतिमा को चौराहे के समीप डिवाइडर पर शिफ्ट किया गया है। नगर निगम पाटनीपुरा से मालवा मिल के बीच एक ब्रिज का निर्माण भी कर रहा है। इसका भूमिपूजन भी हो चुका है। दो-तीन दिन में इसके लिए पाटनीपुरा मार्ग पर वाहनों की आवाजाही भी प्रतिबंधित कर दी जाएगी। छह माह के लिए यह मार्ग बंद होगा। इस मार्ग के चौराहे पर रोटरी भी बनी हुई है। इस कारण ट्रैफिक बाधित होता था। चौराहे के ट्रैफिक इंजीनियरिंग के लिए पहले रोटरी को छोटा किया गया था, लेकिन फिर भी यातायात में परेशानी होती थी। इसे देखते हुए अब रोटरी हटाई जा रही है। प्रतिमा शिफ्ट होने के बाद अब रोटरी को तोड़ा जाएगा। चौराहे पर ट्रैफिक सिग्नल लगाया जाएगा।

### रेस लगा रहे कार सवार बीआरटीएस की रैलिंग से टकराई

**इंदौर।** निरजनपुर से राजीव गांधी चौराहे तक एबी रोड़ पर बनी बीआरटीएस की रैलिंग उखाडने की जहां प्रशासन तैयारी कर रहा है, इससे पहले इस रैलिंग ने कई हादसे झेले हैं। कई वाहन चालक नशे में बेकाबू होकर इस रैलिंग में जा घुसे है। कई बार रैलिंग की रिपेयरिंग हुई और अब इसकी विदाई के दौरान भी हादसे हो रहे है। शनिवार रात को विजय नगर इलाके में दो कार सवार रेस लगा रहे थे और एक कार चालक की कार अनियंत्रित होकर बीआरटीएस की रैलिंग से टकराते हुए मंदिर की दीवार में जा घुसी। गनीमत रही कि एयर बैलून खुलने से कार सवारों की जान बच गई। हादसे के बाद कार क्षतिग्रस्त हो गई जो सुबह तक मौके पर पड़ी रही। घायल युवक को इलाज के लिए दूसरी कार वाले अस्पताल लेकर पहुंचे। विजय नगर पुलिस ने बताया कि कालका माता मंदिर के पास की घटना है।

### प्रशासन के सहयोग से प्लॉटों पर किया जा रहा कब्जा

**इंदौर।** शहर में भूमाफियाओं की जादूगरी अब भी जारी है। ऐसे में कई लोग परेशान हो रहे है। लसूडिया क्षेत्र की प्रिंस स्टेट एमआर 11 के रहवासी रविवार को पुलिस कंट्रोल रूम पहुंचे, जहां उन्होंने मीडिया के सामने न्याय की गुहार लगाई है। भूमाफियाओं से ठगाए फरियादियों ने बताया कि अरुण डागरिया और महेंद्र जैन द्वारा प्रिंस स्टेट कॉलोनी काटी थी, जिनकी रजिस्ट्री भी हो चुकी थी। 30 से अधिक लोगों ने नक्शा देखकर वहां के प्लॉट खरीदे थे। वहां की बाउंड्री भी कर दी थी, लेकिन भूमाफियाओं द्वारा इन दिनों वहां की बाउंड्री तोड़ दी गई और प्लॉट पर अन्य व्यक्तियों ने कब्जा कर लिया है। फरियादियों ने यह भी आरोप लगाया कि कब्जा करवाने वाला महेंद्र जैन है, जिसने रेखा गुप्ता के माध्यम से कब्जा करवाया है। वहीं एक अन्य पीड़ित ने बताया कि हमारे पास सालों पुरानी रजिस्ट्री है। इसके बाद भी हमारे प्लॉटो पर कब्जा किया जा रहा है।

तिरुपति बालाजी मंदिर में फाग महोत्सव

# रंग मत डालो रे सावरिया म्हारी सासुजी लड़े...



संवाददाता ● इंदौर

महोत्सव

इंदौर के गुमास्तानगर स्थित तिरुपति बालाजी मंदिर में फाग महोत्सव का आयोजन किया गया। भगवान बालाजी का अपूर्व श्रृंगार और भोपूजी के फाग गीतों ने हजारों श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।शाम से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। रात 8 बजे भोपूजी ने जब मंच संभाला, तो माहौल भक्तिमय हो गया। बालाजी मित्र मंडल के कार्यकर्ताओं ने पुष्प पंखुरियों की वर्षा कर वातावरण को और भी रंगीन बना दिया। भोपूजी ने 'तुझ संग खेली होली राधा', 'रंग मत डालो रे सावरिया म्हारी सासुजी लड़े' और 'अरे जा हट नटखट ना छोड़ मेरा घूंघट' जैसे फाग गीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। महिलाओं और पुरुषों ने इन गीतों पर जमकर नृत्य किया। देवस्थान के ट्रस्टी पुरुषोत्तम पसारी और रामस्वरूप मूंदड़ा ने बताया कि इस आयोजन से पश्चिमी क्षेत्र का माहौल फागुन की मस्ती में डूब गया। भगवान बालाजी का नयनाभिराम श्रृंगार और उत्सव प्रतिमाओं का श्रृंगार आकर्षण का केंद्र रहा। ट्रस्टी लक्ष्मण पटवा, ओमप्रकाश पसारी, सूर्यप्रकाश झंवर, राजकुमार बाल्दी, राजेश छापरवाल और कैलाश लखोटिया ने कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को संभाला। प्रसाद वितरण के साथ इस यादगार फाग उत्सव का समापन हुआ।

# भारत विकास परिषद के चिकित्सा शिविर में 285 रोगियों ने लाभ लिया



संवाददाता ● इंदौर

भारत विकास परिषद सेवा न्यास द्वारा जैन सोसल ग्रुप नवकार एवं रोटरी क्लब मार्शल के सहयोग से परिषद के फिजियोथेरेपी एवं डेंटल क्लिनिक सेंटर रूप राम नगर में आयोजित किया गया। शिविर में हड्डी रोग, फिजियोथेरेपी, दंत रोग एवं त्वचा रोग संबंधित निःशुल्क परीक्षण एवं परामर्श दिया गया।हड्डियो में कैल्शियम की बी एम डी टेस्ट भी निःशुल्क की गयी। हेल्थ अवेयरनेस के लिये 100 से ज्यादा लोगो ने ब्लड टेस्ट भी कराये। डॉ. निलेश श्रीवास्तव , डॉ. आशीष, डॉ. दिशा बख्शी डा सोनम बंडी डा प्रेरणा माखीजा डा कोमल ठाकरे डा राजनंदिनी ने अपनी निःस्वार्थ सेवा प्रदान की।

शिविर में अजय जैन, सुनील ओझा, अजीत लालवानी, ललित जैन, अरविंद बंडी, रजनीश चोरडिया, वीरेन्द्र जैन, भूपेश जैन संजय सूर्यवंशी, संजय भाटे विशेष रूप से उपस्थित थे। न्यास अध्यक्ष पवन बागड़िया ने स्वागत भाषण दिया ब्रजेश नीमा ने आभार एवं अनुप सोडानी ने संचालन किया। संयोजक कोमल राव बोराडे एवं मनीष व्यास थे। शिविर में भारत विकास परिषद जैन सोसल ग्रुप नवकार रोटेरी क्लब मार्शल के सदस्य बड़ी संख्या में सेवा देने हेतु उपस्थित थे।

लेनदेन का विवाद

# दोस्त ने ही गला दबाकर की थी व्यापारी की हत्या



संवाददाता ● इंदौर

खुलासा

एरोड्रम थाना क्षेत्र में कपड़ा कारोबारी की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। कारोबारी की हत्या उसके ही दोस्त ने रुपयों के लेन-देन के विवाद के चलते कर दी थी। इस हत्याकांड में आरोपी कारोबारी का मोबाइल लेकर भाग गया था, जिसे बरामद करने के लिए पुलिस ने आरोपी को दो दिन की रिमांड पर लिया है। व्यापारी सचिन चोपड़ा की हत्या करने वाले रोहित पिता रमेशचंद्र रायकवार निवासी देवगुराडिया की गिरफ्तारी में लगी पुलिस को रैपिड़ो के रिकॉर्ड से उसका नाम और पता मालूम हुआ और उसे गिरफ्तार कर लिया। घटना 4 मार्च की रात की है, जब सचिन पिता शांतिलाल चोपड़ा (41) निवासी कालानी नगर की हत्या कर दी गई थी। अगले दिन सुबह जब उसकी मां अंगूरबाला चोपड़ा उसे जगाने पहुंची तो वह बेहोश अवस्था में पड़ा मिला। डॉक्टरों द्वारा की गई शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि सचिन की गला दबाकर हत्या की गई थी। पुलिस ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू की। करीब 90 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज और तकनीकी जांच के आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

**रिश्तेदारों और परिचितों से उधार लेकर लाखों रुपए दिए**

**पूछताछ में रोहित ने बताया कि करीब चार-पांच साल पहले नौकरी के दौरान उसकी दोस्ती सचिन से हुई थी। सचिन गोल्ड में निवेश करवाकर मुनाफा दिलाने का काम करता था। इसी कारण रोहित ने सचिन को तीन साल में अपने रिश्तेदारों और परिचितों से उधार लेकर लाखों रुपए दिए थे। पहले दो साल तक सचिन उसे 10 से 20 प्रतिशत तक का कमीशन देता रहा, लेकिन बीते एक साल से उसने पैसे लौटाने में आनाकानी शुरु कर दी थी। रोहित के अनुसार, सचिन से उसे करीब 40 लाख रुपए लेने थे। दूसरी ओर, जिनसे रोहित ने पैसे उधार लिए थे, वे बार-बार तकादा कर रहे थे। 4 मार्च की रात जब रोहित सचिन के घर कालानी नगर पहुंचा और पैसों की मांग की तो सचिन ने देने से इनकार कर दिया। इससे गुस्से में आकर रोहित ने अपनी बनियान से उसका गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। सीसीटीवी कैमरों के आधार पर एक संदिग्ध फुटेज पुलिस के हाथ लगा था, जिसकी जांच करते-करते पुलिस नवलखा की एक होटल तक जा पहुंची। हत्यारा सचिन के घर तीन दिन से आना जाना कर रहा था।**

स्नेहलतागंज में फाग उत्सव, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

# राधा-कृष्ण की रासलीला के बीच फूलों की होली

संवाददाता ● इंदौर

आयोजन

स्नेहलतागंज गली नंबर 3 स्थित गुजराती मित्र मंडल ने भव्य फाग उत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम में राधा-कृष्ण की रासलीला का मनमोहक प्रदर्शन हुआ। समारोह में जेल अधीक्षक अलका सोनकर और कांग्रेस नेता दीपक जोशी पिंटू विशेष रूप से मौजूद रहे। मंडल के पूर्व अध्यक्ष दिनेश भाई पटेल, सोमनाथ भाई ठाकर और मितेश भाई गनात्रा ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। महिलाओं ने भजनों की धुन पर नृत्य करते हुए



फूलों की होली खेली। मंडल के अध्यक्ष राजेंद्र पटेल और सचिव मनीष व्यास ने गुलाल लगाकर सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष निलेश पटेल, महेश पटेल, राजेश पंचाल, राजेश व्यास और संदीप मेहता मौजूद रहे। रश्मि बेन ठक्कर, भावना बेन पटेल और अर्पिता पटेल सहित कई महिला सदस्य भी शामिल हुईं। स्नेहलतागंज के किशोर शुक्ला, शैलेंद्र रघुवंशी, प्रो. रश्मि संघवी, विपुल शाह और राज दोषी ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। भजन गायक गौतम शर्मा और उनकी टीम ने मधुर भजनों से समां बांध दिया। उनके भक्तिमय गायन ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उपाध्यक्ष निलेश पटेल ने आभार व्यक्त किया।

श्रीविद्याधाम पर चल रही शिवपुराण कथा में भानपुरा पीठाधीश्वर के प्रेरक आशीर्वचन- शंकराचार्यजी का सम्मान

# राक्षसी का नाश करने के लिए समाज को हर युग में एक शिव चाहिए

**मन की विकृति को शिव की भक्ति ही संस्कृति में बदल सकती है। मन के विकारों और वैचारिक प्रदूषण को दूर करने के लिए हमारे धर्म ग्रंथों का आशय सबसे उपयुक्त माध्यम है।**

संवाददाता ● इंदौर

आराधना

भगवान शिव की भक्ति के लिए कोई मुहूर्त देखने की जरूरत नहीं है। महादेव की आराधना एवं पूजा इतनी सरल है कि केवल जलाभिषेक से ही भोलेनाथ प्रसन्न हो जाते हैं, लेकिन मन की निर्मलता पहली शर्त होना चाहिए। मन में यदि काम, क्रोध, लोभ, मोह जैसे विकार भरे पड़े होंगे तो ऐसी आराधना भलीभूत नहीं होगी। मन की विकृति को शिव की भक्ति ही संस्कृति में बदल सकती है। मन के विकारों और वैचारिक प्रदूषण को दूर करने के लिए हमारे धर्म ग्रंथों का आशय सबसे उपयुक्त माध्यम है। प्रकृति और परमात्मा से साक्षात्कार की सहज अनुभूति शिवभक्ति से ही हो सकती है। राक्षसी वृत्तियों का नाश करने के लिए समाज को हर युग में एक शिव चाहिए।



जगदगुरू शंकराचार्य, भानपुरा पीठाधीश्वर स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ ने रविवार को विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम परिसर में ओम जय-जय अम्बे भक्तजन मंडल एवं श्री श्रीविद्याधाम परिवार द्वारा आयोजित श्री शिव पुराण कथा में समापन प्रसंग पर उपस्थित भक्तों को संबोधित करते हुए उक्त दिव्य विचार व्यक्त किए। इस मौके पर शंकराचार्यजी के शिष्य, युवाचार्य स्वामी वरुणेन्द्र तीर्थ भी उपस्थित थे। प्रारंभ में आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में आयोजन समिति की ओर से संयोजक कमलेश मिश्रा अण्णा, दीपक चाचर, सोनू मिश्रा, महेन्द्र माहेश्वरी, रमेश उपाध्याय आदि ने व्यासपीठ का पूजन किया। भक्तों और संतों की अगवानी सीताराम विश्वकर्मा, विजय राठौर, श्रीमती विद्या-नितिन शाह, श्रीमती मीना धर्म एवं घनश्याम गोयल ने की। इसके पूर्व सुबह परशुराम मंदिर की साक्षी में यज्ञ-हवन एवं अन्य अनुष्ठान हुए। आयोजन समिति की ओर से कमेलश मिश्रा अण्णा और दीपक चाचर ने शंकराचार्यजी का सम्मान किया।

शंकराचार्यजी ने कहा कि भगवान देवों के भी देव अर्थात महादेव हैं। वे तो हम सबके और प्रकृति के कल्याण के लिए ही बैठे हैं। हम ही अपनी हरकतों से प्रकृति को नाराज करते रहते हैं। शिव का नाम ही कल्याण का सूचक है। राक्षसी वृत्तियों का नाश करने के लिए समाज को हर युग में एक शिव चाहिए। शिवजी को भोलेनाथ अर्थात सज्जन लोगों का स्वामी कहा जाता है। शिव की प्राप्ति और उनकी कृपा का द्वार निर्मल हृदय की चाबी से ही खुलेगा। प्रदर्शन के बजाय दर्शन के भाव से की गई पूजा से ही हमारे शुभ मनोरथ साकार हो सकते हैं। कल्पना करें कि यदि अमृत कलश राक्षसों के हाथ लग जाता और भगवान शंकर विषपान नहीं करते तो समाज और संस्कृति की क्या हश्र होता।

## महावीर बाग में गीत-संगीत की धुन के बीच लजीज व्यंजनों का आनंद भी लिया

# गडकरी-विजयवर्गीय की मौजूदगी में हजारों पर चढ़ा फाग उत्सव का रंग

संवाददाता ● इंदौर

**आयोजन**

क्षेत्र क्र. 1 के कार्यकर्ताओं ने अपने परिजनों के साथ नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और आशा विजयवर्गीय की गरिमामयी उपस्थिति में पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय के नेतृत्व में फाग उत्सव मनाया। इसका आयोजन एरोड्रम रोड स्थित महावीर बाग में रखा गया था। कार्यक्रम में 5 हजार से ज्यादा लोगों ने भाग लेकर फूलों की होली खेलने के साथ लजीज व्यंजनों का आनंद लिया। फाग उत्सव में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने भी खास तौर पर शिरकत की।

इस अवसर पर बोलते हुए गडकरी ने कहा कि जब मैं पहली बार इंदौर आया था तो कैलाशजी यहां के मेयर थे। उस वक्त सड़क डामर की बन रही थी। मैने कहा कि इस टेंडर को कैंसिल कर कंक्रीट की बनवाओ। आज जब मैं आ रहा था तब मुझे सांसद शंकर लालवानीजी ने बतलाया कि यह वही सड़क है। आज भी इतने सालों बाद मजबूती से अपनी पकड़ बनाए हुए है। मैं यहां पर फाग उत्सव में कैलाशजी के आग्रह पर आया हूं। होली हमारा पवित्र त्यौहार है। मैं कैलाशजी, सांसदजी और आप सभी को रंगों के इस त्यौहार की बधाई देता हूं। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मंत्री नितिन गडकरी की तारीफ करते हुए कहा कि गडकरीजी विजनरी नेता हैं और इस तरह के सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अग्रणी रहते हैं। मेरे पास शब्द नहीं हैं कि मैं गडकरीजी का किस तरह आभार व्यक्त करुं। उन्होंने फाग उत्सव की समस्त उपस्थित लोगों को बधाई दी। फाग उत्सव में पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, ग्रामीण अध्यक्ष श्रवण चावड़ा के अलावा क्षेत्र क्रमांक 1 से पार्टी के समस्त पार्षद और मंडलों के पदाधिकारी के अलावा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व क्षेत्रीय जनता सपरिवार मौजूद थी।



### विधानसभा 1 को सभी पैमाने पर नंबर वन बताया

पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय ने कहा कि फाग उत्सव में पधारे सभी लोगों को मैं इस उत्सव की बधाई देता हूं और भव्य और विशाल आयोजन का प्रबंध और व्यवस्था करने वाले सभी हमारे इष्टजनों का आभार व्यक्त करता हूं। इस उत्सव के अवसर पर मैं सभी के दुखमुक्त परमानंदमयी जीवन की प्रार्थना करता हूं। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र क्रंमांक 1 लोकसभा में सबसे ज्यादा मतों से जीतने में नंबर 1, सदस्यता अभियान में सदस्य बनाने में नंबर 1, समर्पण निधि में राशि संग्रह में नंबर 1, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल प्रतियोगिता और मनोरंजन के कार्यक्रम में भी नंबर 1 है। कार्यक्रम में विभिन्न समाजों के परिवारजनों ने भाग लिया। इस अवसर पर फाग उत्सव में हिस्सा लेने आई महिलाओं को आशा विजयवर्गीय ने सम्मानित किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण सिंह केसरी के सौ वर्ष पूर्ण करने पर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण मंत्री विजयवर्गीय के द्वारा दी गई सुमधुर भजनों की प्रस्तुति रहा। कार्यक्रम में अपनी संगीतमय भजन संध्या से गन्नू महाराज ने उपस्थित अतिथियों का जमकर मनोरंजन किया।

## शॉट न्यूज

### ग्लॉकोमा को लेकर जागरूकता रैली विशेषज्ञों ने दीं अहम जानकारियां

**इंदौर**। रविवार सुबह इंदौरवासियों और इंदौर डिविजनल ऑप्थलमोलॉजिकल सोसाइटी द्वारा ग्लॉकोमा अवेयरनेस रैली का आयोजन किया गया। यह रैली यशवंत् क्लब से छप्पन दुकान तक निकली जिसमें शहर के नेत्र विशेषज्ञ, राजनेता, आम नागरिक और प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे। रैली का मुख्य उद्देश्य ग्लॉकोमा के प्रति जागरूकता फैलाना और लोगों को इस अंधत्वकारी बीमारी की जानकारी देना था। नेत्र विशेषज्ञों ने इसके बारे में बताया, आम जनता ने भी इसे ध्यान से सुना और अपने सवाल भी पूछे, जिनका उत्तर विशेषज्ञों द्वारा दिया गया। रैली के सफल आयोजन में डॉ. महेश गर्ग (अध्यक्ष) और डॉ. कविता अमित पोरवाल (सचिव) की अहम भूमिका रही, जिन्होंने इस कार्यक्रम के लिए अथक प्रयास किए।

### खजूरी बाजार के व्यापारियों को लगा 50 लाख का चूना

**इंदौर**। एक ठग ने खजूरी बाजार के एक दर्जन व्यापारियों के साथ ठगी की है। व्यापारियों की शिकायत पर क्राइम ब्रांच ने केस दर्ज किया है। अब उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। इंदौर क्राइम ब्रांच में खजूरी बाजार के व्यापारियों ने शिकायत दर्ज कराई है। जिसमें उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र का रहने वाला विनोद जैन 50 लाख का माल लेकर फरार हो गया। उसने नंदानगर में रुद्रप्रयाग इंटरप्राइजेस के नाम से फर्म शुरू की थी। उसने अलग-अलग व्यापारियों से करीब 50 लाख का माल लिया और फिर फरार हो गया। उसने जो चेक दिए थे, वे भी बाउंस भी हो गए। मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। अब आगे की जांच की जा रही है। व्यापारियों ने बताया कि नरेंद्र जैन ने ठगी के लिए नरेंद्र चौकसे नाम के व्यक्ति से एक दुकान से किराये पर ली थी।

### पीथमपुर में जहरीले कचरे का तीसरा ट्रायल रन आज से

**इंदौर**। पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड के रासायनिक कचरे का दूसरा ट्रायल रन समाप्त हो गया। इस दौरान लगभग 56 घंटे तक लगातार कचरा जलाया गया। इसमें कम समय लगा। पहले ट्रायल रन में 70 घंटे का समय लगा था। अब सोमवार से तीसरा ट्रायल रन शुरू होगा। मप्र प्रदूषण नियंत्रण विभाग के रीजनल अधिकारी श्रीनिवास द्विवेदी ने बताया कि यूनियन कार्बाइड का कचरा जलाने का दूसरा ट्रायल रन पूरा हुआा। 8 मार्च तक 10 टन कचरा लगभग 56 घंटे में जलाया गया। दूसरे ट्रायल में भी तय मापदंडों से ज्यादा गैसों का उत्सर्जन नहीं हुआ। इन्सिनरेटर में यूनियन कार्बाइड के कचरे को प्रति घंटे 180 किलो के हिसाब से जलाया गया। इस प्रक्रिया में चूना और अन्य पदार्थों का मिश्रण भी शामिल किया गया। अधिकारियों ने कंपनी परिसर के आसपास के गांवों में प्रदूषण मापने के यंत्र लगाए हैं।

# हनी सिंह शो : टैक्स कम मिलने पर तीन ट्रक साउंड सिस्टम और एलईडी जब्त किया

## निगम अफसर बोले- बकाया जमा कराने पर लौटा देंगे

संवाददाता ● इंदौर

**जब्त**

सिंगर हनी सिंह के शो के टैक्स का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। तय टैक्स न मिलने के कारण नगर निगम ने रविवार को साउंड सिस्टम और महंगे उपकरण जब्त कर लिए। नगर निगम ने टिकटों की बिक्री के आधार पर 50 लाख के टैक्स की डिमांड की थी, लेकिन शो के पहले आयोजकों ने 7 लाख 85 हजार रुपये ही जमा कराए थे। बचे टैक्स के लिए निगम ने यह एक्शन लिया है।

हनी सिंह ने रविवार रात को बायपास के एक ग्राउंड में दस से ज्यादा गाने गए। वे साढ़े आठ बजे ही स्टेज से उतर गए थे। इससे महंगे टिकट लेकर आए दर्शकों को निराशा हुई। शो के लिए सात हजार से लेकर पंद्रह हजार रुपये तक के टिकट बड़ी संख्या में बेचे गए थे। इस तरह के शो में टिकट बिक्री का दस प्रतिशत मनोरंजन कर नगर निगम लेता है। बता दें कि शहर में पिछली बार दिलजीत दोसांझ के शो में नगर निगम को टैक्स नहीं मिला था, इसलिए इस बार टैक्स को लेकर सख्त रवैया अपनाया गया। सुबह नगर निगम राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची। तब शो के बाद सामान समेटा जा रहा था। अफसरों ने महंगे उपकरण, साउंड सिस्टम और एलईडी स्क्रीन के तीन ट्रक जब्त कर लिए। उन्होंने आयोजकों से कहा कि जब वे बचा टैक्स जमा करा देंगे तो सामान दे दिया जाएगा। राजस्व समिति प्रभारी निरंजन सिंह चौहान ने बताया कि हमने टिकटों की बिक्री के आधार पर 50 लाख रुपये के टैक्स की डिमांड निकाली है। आयोजकों ने सिर्फ 7 लाख 85 हजार रुपये ही दिए है, जो काफी कम है, इसलिए सामान्य जब्त किया गया है।



### 3.28 करोड़ के बिके टिकट

नगर निगम के अनुसार कॉन्सर्ट के आयोजकों ने शनिवार को पौने आठ लाख रुपये जमा कराए थे। जीएसटी पोर्टल से मिली जानकारी के अनुसार कॉन्सर्ट के टिकट 3.28 करोड़ रुपये में बिके है। ऐसे में इस पर 10 प्रतिशत मनोरंजन कर पहले जमा कराने की बात कही गई थी।उधर इस मामले में आयोजकों का कहना है कि केवल 80 लाख रुपये के टिकट ही बिके हैं।

# चेयरमैन और कमेटी मेंबर से की बद्तमीजी, लड्ढा को किया बाहर

**यशवंत क्लब में हुआ बड़ा विवाद**

**इंदौर**। यशवंत क्लब में शनिवार देर रात को बड़ा विवाद हो गया। क्लब के एक सीनियर मेंबर ने चेयरमैन टोनी सचदेवा के साथ ही विवाद कर लिया। इस विवाद को रोकने के लिए कमेटी मेंबर बीच में आए तो उन पर बुरी तरह भड़के औरबद्तमीजी की। इसके बाद इन सदस्य को रातोंरात 15 दिन के लिए क्लब से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। जानकारी के अनुसार शनिवार रात को सीनियर मेंबर के लिए एक आयोजन था। इस दौरान आर्टिस्ट को भी बुलाया गया था। इनके स्वागत के लिए बीच में दस मिनट का ब्रेक हुआ और चेयरमैन सचदेवा बुके देने के लिए गए। इस पर क्लब मेंबर अनिल कुमार लड्ढा भड़क गए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम चलने दीजिए, यह बीच में आप क्यों आ गए। इस पर कमेटी मेंबर वैभव दुआ ने कहा कि क्लब के ही प्रोटोकाल का पालन चेयरमैन सर कर रहे हैं, इसमे गलत क्या है। इस पर लड्ढा भड़क गए और लगभग अटैक की मुद्रा में दुआ पर आ गए और बदतमीजी की। बाकी क्लब मेंबर ने इस घटना को रोका। इस घटना के बाद तत्काल रातोंरात मैनेजिंग कमेटी ने बैठक की और लड्ढा को 8 मार्च से ही तत्काल प्रभाव से 23 मार्च तक के लिए क्लब से निष्कासित कर दिया। इस संबंध में सचिव संजय गोरानी ने क्लब नोटिस बोर्ड पर नोटिस भी चस्पा कर दिया। इस दौरान अब लड्ढा क्लब परिसर में भी कदम नहीं रख सकेंगे। इस पूरे विवाद पर अनिल कुमार लड्ढा ने कहा किछोटा सा विवाद हो गया था, पहले भी कई सदस्यों पर कार्रवाई हुई और बाहर हुए हैं। कोई बात नहीं, 15 दिन निकल जाएंगे।

# उल्लेखनीय काम करने वाली 25 महिलाओं को निर्मला पाठक अवॉर्ड

## गीत-नृत्य प्रतियोगिता और फैशन शो भी हुआ




संवाददाता ● इंदौर

**कार्यक्रम**

संस्था मशवरा ने महिला दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में शहर की 25 महिलाओं का सम्मान किया। उन्हें निर्मला पाठक अवॉर्ड दिया गया। सम्मानित महिलाएं अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय काम करती है। अवॉर्ड पाने वालों में जानवी चंदवानी, कोमल करे जोशी, अनामिका सितलानी, नूपुर पंडित, वंदना अग्रवाल, विनय गुप्ता, गीता कौल, नम्रता सावंत, नेहा जे मराठे, आराधना सहाय, अर्पणा चेंडके, अवनी शर्मा खंडेलवाल, नेहा जोशी मराठे, मिताली सोहनी, निहारिका जैन, निवेदिता शुक्ला रिमझिम जोशी, संध्या पटवा, डॉ उषा श्रीवास्तव, सुषमा पटेल, एकता मेहता आदि शामिल है। कार्यक्रम में अतिथियों ने कहा कि शहर की महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में सफल हो रही है। उनका सम्मान होता है तो दूसरी महिलाओं को भी प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने दीप प्रज्वलन से की। कार्यक्रम में गीत व नृत्य प्रतियोगिता भी हुई। इसके बाद महिलाओं का सम्मान किया गया फिर फैशन शो का आयोजन हुआ। जिसमें नारी शक्ति ने पहले राउंड में पारंपरिक साड़ी और एथेनिक ड्रेस में रैंप वॉक किया। रैंप में इनका साथ मूक और बधिर संस्था की छात्राओं ने दिया। फैशन शो के जज थे उन्नति सिंह, शीतल बडोले और सारिका दीक्षित कार्यक्रम का संचालन श्यामली नीमा ने किया।असिता शर्मा ने आभार माना।

### निर्मला पाठक, इंदौर की दादी

इंदौर से मुंबई तक ट्रैफिक संभालने वाली वयोवृद्ध ट्रैफिक वार्डन निर्मला पाठक को साइकिल पर सवार होकर ट्रैफिक संभालते देख पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने साइकिलवाली बाई नाम दिया था। वहीं, अभिनेता शाहरुख खान ने उन्हें अपने एक शो में बुलाकर इंदौर की दादी के खिताब से नवाजा था। पाठक ने 30 साल से ज्यादा समय तक इंदौर का ट्रैफिक संभाला, इस दौरान उन्हें 200 से ज्यादा बार सम्मानित किया गया,5 वर्ष पूर्व उनका देहावसान हो गया।

# भारत के जीतते ही उमड़ा जनसैलाब, राजवाड़ा पर आतिशबाजी

संवाददाता ● इंदौर

**जश्न**

भारतीय क्रिकेट टीम की जीत सिर्फ खेल के मैदान तक ही सीमित नहीं रहती। जब भारतीय क्रिकेट टीम जीत हासिल करे तो यहां के लोगों के बीच जो जश्न होता है, वह विशेष अनुभव बन जाता है। टीम इंडिया ने फाइनल में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी जीत ली और सड़कों पर जनसैलाब उमड़ आया। आकाश में आतिशबाजी छा गई और सड़कों पर होली के रंग बिखर गए। चारों तरफ उत्साह छा गया। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में इंडिया ने 252 का टारगेट 49 ओवर में चेज कर लिया। हमारा शहर क्रिकेट के प्रति अपनी दीवानगी और प्रेम के लिए प्रसिद्ध है। भारतीय टीम की जीत के बाद शहर भर में जो उल्लास और खुशी का माहौल बनता है, वह अविस्मरणीय होता है। भारत-न्यूजीलैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल मैच भारत जीत गया। भारत की जीत के साथ ही इंदौर में क्रिकेट प्रेमियों का उत्साह चरम पर पहुंच गया। घरों के बाहर लोग जमकर आतिशबाजी करने लगे। छोटे से लेकर बड़े रॉकेट तक लोगों ने फोड़े। भारत की जीत का ऐसा माहौल बन गया जैसे दीपावली हो।



## अलग-अलग थानों के 14 सिपाही लाइन अटैच

# ड्रग तस्कर को पुलिस ने होटल में बनाया बंधक, फिर 20 लाख लेकर छोड़ दिया

संवाददाता ● इंदौर

**तस्कर**

पुलिस की ड्रग तस्करों से सैटिंग को लेकर अब नई कहानी सामने आ रही है। विजय नगर पुलिस ने ड्रग तस्कर को पकड़ा तो सही, लेकिन कार्रवाई के लिए नहीं बल्कि सैटिंग के लिए। पुलिस उसे थाने ले जाने के बजाय होटल ले गई और वहां पर बंधक बनाकर छोड़ने के लिए डील की। लगभग 20 से 22 लाख रुपए में सैटिंग की और उसे छोड़ दिया। बाद में उसी तस्कर को ढूंढने का नाटक करती रही, जिसे दो दिन पहले ही तेजाजी नगर पुलिस ने पकड़ लिया। आरोप है कि ड्रग तस्कर को छोड़ने के लिए विजय नगर पुलिस से सैटिंग कराने में क्राइम ब्रांच के प्रमोद तोमर की मुख्य भूमिका रही थी। पिछले दिनों खजराना में पकड़े गए एमडी ड्रग के आरोपी ने थाने के ही एक सिपाही की पोल खोल दी थी। सिपाही की गिरफ्तारी के बाद ड्रग तस्कर और पुलिस जवान से पूछताछ में दो टीआई के नाम भी सामने आ चुके हैं। वहीं, विजय नगर थाने के टीआई भी ड्रग तस्कर को छोड़ने के मामले में अब सीपी की रडार पर आ चुके हैं। अब पुलिस पर ड्रग तस्करों से सैटिंग के आरोप लग रहे हैं और पुलिस इंटरनल जांच में जुटी है। प्रारंभिक तौर पर सीपी ने एक्शन लेते हुए कई संदिग्धों को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। इसमें अलग-अलग थानों के 14 सिपाहियों को लाइन अटैच कर दिया गया है।



### रुपए लिए और ड्रग तस्कर को छोड़ दिया

**सूत्रों के मुताबिक, पकड़े गए आरोपी वसीम ने यह भी कबूल किया है कि विजय नगर थाने के पुलिसकर्मी मुकेश जादौन, प्रमोद शर्मा और लोकेन्द्र खींची ने मिलकर 20 से 22 लाख रुपए की डील कर वसीम को छोड़ दिया। यह डील क्राइम ब्रांच में पदस्थ प्रमोद तोमर ने पुलिसकर्मियों के साथ की थी। आरोपी को थाने ले जाने के बजाय एक निजी होटल में बंधक बनाकर रखा गया और वहीं लेन-देन के बाद उसे छोड़ दिया गया।**

### विजयनगर पुलिस ने वसीम को पकड़ा, थाने के बजाय होटल ले गए

जिन ड्रग तस्करों को तेजाजी नगर की टीम ने पकड़ा है, उन्होंने कुछ चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। उनके खुलासे से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।सूत्रों के मुताबिक, तेजाजी नगर पुलिस ने जिस ड्रग्स सप्लायर को पकड़ा था, उसने पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। तीन महीने पहले विजय नगर थाना पुलिस ने ड्रग्स सप्लाई के मुख्य आरोपी वसीम को गिरफ्तार किया था, लेकिन पुलिस उसे थाने नहीं ले गई। उसे एक होटल में ले जाया गया, जहां लेन-देन के बाद उसे छोड़ दिया गया। वसीम को छोड़ने के लिए क्राइम ब्रांच के प्रमोद तोमर ने विजय नगर थाने के पुलिसकर्मियों से सेटिंग की थी।

### 4 आईपीएस कर रहे जांच

इस मामले का खुलासा तब हुआ जब जॉन–1 के डीसीपी विनोद मीना की टीम ने तेजाजी नगर में भूरू बैंड वाले को पकड़ा। जांच के दौरान भूरू से पता चला कि वसीम को पुलिस ने सेटिंग कर छोड़ दिया था। अब इस मामले में तेजाजी नगर एसीपी करणदीप और चार आईपीएस अफसर जांच कर रहे हैं। यह पूरा मामला तेजाजी नगर पुलिस की कार्रवाई से जुड़ा है। पुलिस ने पहले आजाद नगर से शाहरुख पेट्रोल और विजय पाटीदार को पकड़ा, जिनके पास से 2 करोड़ का ड्रग मिला। पूछताछ में शाहरुख ने बताया कि वह सिपाही लखन के संरक्षण में ड्रग्स सप्लाई कर रहा था। इसके बाद पुलिस ने लखन को गिरफ्तार किया और उसे तेजाजी नगर थाने बुलाया गया। लखन के साथ ही दलाल राजा बाबू को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

# कुछ पब्लिक सर्विस का उद्देश्य अकेले लाभ कमाना नहीं हो सकता

मुझे याद है अपने इसी कॉलम में चंद सालों पहले मैंने जापान की एक ट्रेन के बारे में लिखा था, जिसकी सेवाएं एक तय रूट पर इसलिए जारी रहीं ताकि एक लड़की स्कूल जा सके। जापानी ट्रेन कंपनी को तब से ग्राहक सेवा के प्रति अपनी निष्ठा के लिए सराहना मिली।जब उसने कहा था कि वह हर सुबह व शाम को एक यात्री - स्कूली लड़की - को लेने और छोड़ने के लिए स्टेशन पर आती है। उसके ग्रेजुएट होने के बाद सर्विस बंद कर दी। शिक्षा को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखने और सिर्फ एक लड़की की शिक्षा के लिए सपोर्ट करने के लिए दुनिया भर में जापानी अधिकारियों को सराहा गया। लोक सेवाएं देने वाले अधिकारियों के सामने इतने शानदार उदाहरण हैं, इस बीच कोलकाता में मेट्रो रेलवे द्वारा कम यात्री संख्या को देखते हुए अपनी आखिरी ट्रेन में 10 रु. सरचार्ज जोड़ने का निर्णय लिया है, चाहे यात्रा की दूरी कितनी ही क्यों न हो। रात 11 बजे छूटने वाली नाइट स्पेशल मेट्रो ट्रेन इस साल 24 मई को दमदम व न्यू गड़िया के बीच शुरू की गई थी।

एक महीने बाद, अधिकारियों ने यात्री कम होने का बहाना बनाकर आखिरी ट्रेन का समय 20 मिनट पहले करके 10.40 कर दिया। छह महीने बाद, उन्होंने इस सर्विस पर अधिभार लगाया। नए किराए से आखिरी ट्रेन का किराया अजीब हो गया। ये समझ में आता है कि जो व्यक्ति शुरू से आखिरी छोर तक सेवा का प्रयोग कर रहा है, 25 रु. किराया दे रहा है, उसे 35 रु. चुकाने होंगे। लेकिन जो दो किमी दूर अगली स्टेशन तक जा रहा है और 5 रु. की टिकट खरीद रहा है, उसे नए सरचार्ज के बाद 15 रु. देने होंगे।

अब सवालों की फेहरिस्त है: जब अधिकारियों ने ये नाइट स्पेशल पेश की, तो क्या उन्होंने इसे बाजार की मांग देखे बिना पेश किया? जब उन्होंने रात 11 की ट्रेन को 10.40 बजे कर दिया, तो क्या इससे ये नाइट स्पेशल बन गई? चूंकि कोलकाता जैसा मेट्रो शहर, जो अपनी कई

> **नए किराए से आखिरी ट्रेन का किराया अजीब हो गया। ये समझ में आता है कि जो व्यक्ति शुरू से आखिरी छोर तक सेवा का प्रयोग कर रहा है, 25 रु. किराया दे रहा है, उसे 35 रु. चुकाने होंगे। लेकिन जो दो किमी दूर अगली स्टेशन तक जा रहा है और 5 रु. की टिकट खरीद रहा है, उसे नए सरचार्ज के बाद 15 रु. देने होंगे।**

लेट लाइट सर्विस के लिए जाना जाता है, वहां 10.40 नाइट है? ऐसी सुविधा शुरू करने से पहले अधिकारी स्थानीय लोगों की रात की आदत का पता कैसे नहीं लगा सके? क्या वे सचमुच यकीन करना चाहते हैं कि कोलकाता रात 10.40 बजे से पहले सो जाता है? और आखिरी सवाल : क्या उन दुकानदारों के सामने इस नई नाइट स्पेशल ट्रेन के प्रचार-प्रसार के लिए छह महीने का समय पर्याप्त नहीं था, जो रात 10 से 10.30 के बाद बाजार बंद करके घर जाने के लिए लास्ट ट्रेन पकड़ते हैं? कालीघाट, श्यामबाजार, एस्प्लेनेड और टॉलीगंज जैसे सबसे भीड़भाड़ वाले स्टेशनों के दुकान मालिकों, सड़क किनारे स्टाल वालों, सब्जी विक्रेताओं और कई अन्य छोटे व्यवसाय मालिकों से पूछें कि यह ट्रेन उनके लिए एक आशीर्वाद थी। मूल्य वृद्धि या कम यात्रियों का हवाला देकर इसे बंद करने का ख्याल यकीनन रूप से समाज के एक विशेष वर्ग को प्रभावित करेगी। इस विषय को सिर्फ 10 रुपए की बात कहकर न देखें। इस विषय को उन अधिकारियों की मंशा से देखें जो इस सेवा को चला रहे हैं। इसे मई में पेश किया गया था, जब मौसम गर्म था और कई लोगों ने एयर कंडीशनिंग का लाभ उठाकर यात्रा की होगी। और जब मौसम सुहाना हो गया, तो लोगों ने पैदल चलने के बारे में सोचा होगा। यदि कोई सर्विस दी जा रही है, तो इसका मतलब यह नहीं है कि लोग हमेशा ही उसकी सभी सेवाओं का इस्तेमाल करें।वही ट्रेनें दिन में तो ठसाठस भरी होती हैं। जब किसी शहर में ऐसे पब्लिक सर्विस ऑर्गेनाइजेशन शुरू होते हैं, तो कमाई की गणना प्रति दिन या महीने की कुल कमाई के आधार पर की जाती है, न कि हर एक सेवा पर। हर ट्रेन उतनी संख्या में लोगों को नहीं ले जा सकती, जितनी पीक आवर्स में ले जातीहै, जब ऑफिस जाने वाले लोग यात्रा करते हैं। यही कारण है कि उन्हें ‌ह्लसार्वजनिक सेवाह्व का लेबल मिलता है।फंडा यह है कि निश्चित रूप से हर संगठन को लाभ कमाना चाहिए, लेकिन उसे समाज के हर वर्ग की सेवा भी करनी होगी, विशेष रूप से स्व-रोजगार और निजी कामकाज से जुड़े समाज की, जो कि रोजगार मांगने के लिए सरकार पर बोझ न डाले।

## संत वचन

जो भार सहन कर सकेगी उसने हाथ मे कुहाड़ा लेकर टाहली के पास जाकर कुहाड़ा मारा तो टाहली में से आवाज निकली हे भाई प्राना जी मेरी हालत के बारे मे सुने बहुत लंबे समय से मेरा इस टाहली में वासा है और आप इसका नाश करने आए है गुरु और गुरु के सिख अनंत है जिनके उपर मेरा जोर नही चलता मैने गुरु जी का कुछ भी नही बिगाड़ा फिर वह मेरे निवास स्थान को क्यो नाश करना चाहते है संसार मे मेरी बहुत पूजा होती है लोग बहुत सारी भेटें मुझे अर्पण करते है आप वापिस चले जाए इस टाहली का नाश मत करे मेरी गुरु जी के आगे बेनती करें कि मेरी शरण आए की रक्षा करें इस टाहली को सलामत रहने दे इस तरह मेरी बेनती गुरु जी के आगे रखे फिर गुरु जी का जो हुकम हो सुन कर वापिस आ कर मुझे बताएं तो ये सुनकर भाई प्राना जी और तरखान बहुत ही हैरान हुए और आपस मे बात करने लगें की अपने स्वार्थ के लिए...

# सतह पर मौजूद संकेत बता सकते हैं कि अंदर क्या चल रहा है

देश भर में ज्यों-ज्यों तापमान गिर रहा है, एयरलाइंस के किराए भी आसमान छू रहे हैं, आपने शायद इस वीकेंड रोड ट्रिप की होगी या आने वाले हफ्तों में किसी ट्रिप पर जाएंगे। आपने देखा होगा कि खेतों में सब्जियां और फल जैसे केले के गुच्छे प्लास्टिक की थैलियों से ढंके जा रहे हैं और शाम को इन्हें पानी दिया जा रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि दस से कम पारा ड्राइविंग के लिए तो अच्छा है, लेकिन मौसम के प्रति संवेदनशील सब्जियों पर असर डाल सकता है और प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया कम करके, पोषण का अवशोषण कम करते हुए पौधे की मेटाबॉलिक प्रक्रिया को बिगाड़ सकता है।

यह पौधे के इम्यून सिस्टम को कमजोर करता है, जिसके चलते फसल पर कीटों के प्रकोप की आशंका ज्यादा होती है। आपने शायद

**एडिट.नोट**

देखा होगा कि खेतों में शाम को ढेर सारे बल्ब जला दिए जाते हैं। वो इसलिए क्योंकि न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से कम होने पर ज्वार की फसल में शुगरी (चिकता) बीमारी लग जाती है। गर्माहट रखने के लिए लाइट जलाई जाती है। कुछ खेतों में मैंने देखा है कि किसान फसलों से बात करते हैं, ह्यमैं तुम्हें प्लास्टिक से ढंक रहा हूं क्योंकि मैं तुम्हें सर्दियों से बचाना चाहता हूंह्व या ह्यमैं लाइट चालू रख रहा हूं ताकि तुम गर्म बने रहो।ह्व किसान जानते हैं कि बाहरी घटनाक्रम पौधों के आंतरिक ऑर्गन्स पर असर डाल सकते हैं, जो सब्जियों में दरार के रूप में विकसित हो जाते हैं।

इसी तरह मानव शरीर में भी अतिरिक्त शुगर सूक्ष्मजीवों के लिए एक दावत बनती है और उनकी खुशी बार-बार संक्रमण के साथ त्वचा पर दिखाई देती है। त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. शरद मुतालिक ने हाल ही में कहा कि 80 फीसदी डायबिटीज के मरीजों में त्वचा रोग सामने आता है और यह इस बीमारी के शुरूआती चेताने वाले संकेत होते हैं। डॉक्टर का कहना है कि जब त्वचा पर कोई संक्रमण दिखाई दे, तो बेहतर रहेगा कि आप अपनी ब्लड शुगर चेक करें। ये दोनों ही मामले इशारा करते हैं कि बाहरी विकास और आंतरिक बदलावों या आंतरिक विकास और बाहरी बदलावों के बीच एक मजबूत संबंध है। करिअर में भी बिल्कुल यही होता है। एक युवा मां का उदाहरण लें, जो छह महीने का मातृत्व अवकाश या थोड़ा लंबा ब्रेक लेने के बाद काम पर लौटती है। वह आमतौर पर कम तनाव वाले काम करते दिखती हैं। एचआर का सोचना होता है कि उन्हें साधारण से काम सौंपकर वे अपनी उदारता दिखा रहे हैं और इससे स्तनपान कराने वाली मां पर अतिरिक्त दबाव नहीं पड़ेगा। लेकिन करिअर पर केंद्रित माएं दूसरी तरह से सोचती हैं और गहन विचार में पड़ जाती हैं, जो उन्हें अंदर से परेशान करता है। उन्हें लगता है कि अब उनके ऑफिस को लगने लगा है कि दफ्तर से लंबे समय से गैर-मौजूद रहने के कारण उनकी कार्यक्षमताएं खो गई हैं, इसलिए उन्हें गैर-महत्वपूर्ण काम दिए जा रहे हैं। कभी-कभी उन्हें लगता है कि उनकी अनुपस्थिति में भी बिजनेस अपनी पूरी गति से चल रहा था और कंपनी पैसा कमा रही थी और इसलिए वे उनके वेतन का भुगतान तब भी कर सकते थे जब वे कंपनी के विकास में योगदान नहीं दे रहे थे। चूंकि कामकाज रुक नहीं सकता, ऐसे में एचआर अलग-अलग विभाग से कर्मचारियों को बुलाकर उनका सौंप देता है, जो कि छुट्टी पर जाने से पहले वह कर रही थी। जैसे सब्जियों को भी एक आवरण की जरूरत होती है, त्वचा रोग विशेषज्ञ शुगर का टेस्ट कराने की सलाह देते हैं, इसलिए एचआर को भी नई मां की काउंसिलिंग करनी चाहिए और उन्हें अपनी सीट पर धीरे-धीरे सेट होने में मदद करनी चाहिए।

**अशोक भाटिया, - लेखक**

# गैस कांड के 40 साल; विकास की दौड़ में पिछड़ा भोपाल

भोपाल शहर में 3 दिसंबर की 1984 की सुबह को जब लोग नींद में से उठे तब तक यूनियन कार्बाइड इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) संयंत्र से अत्यधिक जहरीली मिथाइल आइसोसाइनेट गैस लीक के कारण 5,479 लोग मारे जा चुके थे और पांच लाख से अधिक लोग अपंग हो गए थे। यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री काली परेड औद्योगिक परिसर का हिस्सा थी और यह वर्तमान पुराने शहर के बाहरी इलाके में थी।

घटनाक्रम के अनुसार 2 दिसंबर 1984 की मध्य रात से मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल की हवा जहरीली हो रही थी। रात होते ही और 3 तारीख लगते ही ये हवा जहरीली तो रही, लेकिन साथ ही जानलेवा भी हो गई। कारण था यूनियन कार्बाइड की फैक्ट्री से मिथाइल आइसोसाइनेट गैस का लीक होना।गैस के लीक होने की वजह थी टैंक नंबर 610 में जहरीली मिथाइल आइसोसाइनेट गैस का पानी से मिल जाना। इससे टैंक में दबाव बन गया और वो खुल गया। फिर इससे निकली वो गैस, जिसने हजारों की जान ले ली और लाखों को विकलांग बना दिया, जिसका दंश आज भी दिखाई पड़ता है।2-3 दिसंबर की रात भोपाल के लिए वो रात थी जब हवा में मौत बह रही थी। फैक्ट्री के पास ही झुग्गी-बस्ती बनी थी, जहां काम की तलाश में दूर-दराज गांव से आकर लोग रह रहे थे। इन झुग्गी-बस्तियों में रह रहे कुछ लोगों को तो नींद में ही मौत आ गई। जब गैस धीरे-धीरे लोगों को घरों में घुसने लगी, तो लोग घबराकर बाहर आए, लेकिन यहां तो हालात और भी ज्यादा खराब थे। किसी ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया, तो कोई हांफते-हांफते ही मर गया।इस तरह के हादसे के लिए कोई तैयार नहीं था। बताते हैं कि उस समय फैक्ट्री का अलार्म सिस्टम भी घंटों तक बंद रहा था, जबकि उसे बिना किसी देरी के ही बजना था।

जैसे-जैसे रात बीत रही थी, अस्पतालों में भीड़ बढ़ती जा रही थी, लेकिन डॉक्टरों को ये मालूम नहीं था कि हुआ क्या है? और इसका इलाज कैसे करना है?उस समय किसी की आंखों के सामने अंधेरा छा रहा था, तो किसी का सिर चकरा रहा था और सांस की तकलीफ तो सभी को थी। एक अनुमान के मुताबिक, सिर्फ दो दिन में ही 50 हजार से ज्यादा लोग इलाज के लिए पहुंचे थे। जबकि, कइयों की लाशें तो सड़कों पर ही पड़ी थीं। भोपाल गैस त्रासदी की गिनती सबसे खतरनाक औद्योगिक दुर्घटना में होती है। इसमें कितनों की जान गई? कितने अपंग हो गए? इस बात का कोई सटीक आंकड़ा नहीं है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक इस दुर्घटना में 3,787 लोगों की मौत हुई थी, जबकि 5.74 लाख से ज्यादा लोग घायल या अपंग हुए थे। दूसरी ओर, सुप्रीम कोर्ट में पेश किए गए एक आंकड़े में बताया गया है कि दुर्घटना ने 15,724 लोगों की जान ले ली थी।इस हादसे का मुख्य आरोपी था वॉरेन एंडरसन, जो इस कंपनी का उएड था। 6 दिसंबर 1984 को एंडरसन को गिरफ्तार भी किया गया, लेकिन अगले ही दिन 7 दिसंबर को उन्हें सरकारी विमान से दिल्ली भेजा गया और वहां से वो अमेरिका चले गए। इसके बाद एंडरसन कभी भारत लौटकर नहीं आए। कोर्ट ने उन्हें फरार घोषित कर दिया था। 29 सितंबर 2014 को फ्लोरिडा के वीरो बीच पर 93 साल की उम्र में एंडरसन का निधन हो गया।गैस लीक होने के 8 घंटे बाद भोपाल को जहरीली गैस के असर से मुक्त मान लिया गया था, लेकिन 1984 में हुई इस दुर्घटना से मिले जख्म 38 साल बाद भी भरे नहीं हैं।गैस पीड़ितों के लिए बने सबसे बड़े और एकमात्र सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बीएमएचआरसी के हाल ये हैं, कि यहां कई विशेषज्ञ डॉक्टर नौकरी छोड़ कर निजी अस्पतालों में ऊंची तनख्वाहों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं । बार-बार विभाग बदलने और डॉक्टरों के सेवा नियमों में बदलाव के चलते यहां से डॉक्टरों का 2012 से पलायन शुरू हो गया था । अब तक नियमित और संविदा मिलाकर 23 सुपर स्पेशलिस्ट यहां से जा चुके हैं । 1998 में बने इस अस्पताल को बनाने के पीछे मकसद था कि गैस पीड़ितों को सबसे अच्छा इलाज मिलेगा, लेकिन हकीकत यह है कि कैंसर सर्जरी, कैंसर मेडिसिन, किडनी रोग, यूरोलाजी और उदर विभागों में तो एक भी डॉक्टर नहीं है । किडनी मरीजों की डायलिसिस की जा रही है, लेकिन किडनी का कोई विशेषज्ञ नहीं है।

## बिजनेस.न्यूज

# साबुन, तेल, चाय, कॉफी... अभी और रुलाएगी महंगाई डायन, 20फीसदी तक बढ़ने वाली है कीमत

एजेंसी ● नई दिल्ली

महंगाई से त्रस्त लोगों को हाल-फिलहाल राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। आने वाले दिनों में स्थिति और बदतर हो सकती है। हिंदुस्तान यूनिलीवर, गोदरेज कंज्यूमर, डाबर, टाटा कंज्यूमर, पारले प्रोडक्ट्स, विप्रो कंज्यूमर, मैरिको, नेस्ले और अडानी विल्मर जैसी एफएमसीजी कंपनियों ने कमोडिटी की बढ़ती लागत और बढ़े हुए सीमा शुल्क की भरपाई के लिए अपने सामान की कीमतों में बढ़ोतरी करनी शुरू कर दी है। कंपनियों और डिस्ट्रीब्यूटर्स के अधिकारियों के मुताबिक चाय और खाद्य तेल से लेकर साबुन और स्किन क्रीम 5-20% तक महंगी होने की आशंका है। यह पिछले 12 महीनों में कीमतों में सबसे बड़ी बढ़ोतरी होगी।

सितंबर में वेजिटेबल ऑयल पर आयात शुल्क में 22% और कैलेंडर वर्ष 2024 में 40% तक की वृद्धि के कारण कंपनियों की उत्पादन लागत बढ़ गई है। 2023 में भी चीनी, गेहूं के आटे और कॉफी जैसी प्रमुख वस्तुओं की लागत में उछाल आया था। हाइड एंड सीक और फैब बिस्कुट बनाने वाली कंपनी पारले प्रोडक्ट्स के वाइस-प्रेजिडेंट मयंक शाह ने कहा कि हम अपने सभी ब्रांड की कीमतों में बढ़ोतरी कर रहे हैं। एक साल बाद कीमतों में इतनी बढ़ोतरी हो रही है। हमें उम्मीद है कि इससे मांग पर असर नहीं पड़ेगा, जो पहले से ही दबाव में है। पारले अपने पूरे पोर्टफोलियो में संशोधित कीमतों के साथ पैक लॉन्च करने की तैयारी में है।रिटेल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म ‌ह्य९ढ्ढ के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार ग्रामीण मांग के कारण अक्टूबर में भारत के एफएमसीजी बाजार में साल-दर-साल 4.3% की वृद्धि हुई, लेकिन नवंबर में इसमें 4.8% की गिरावट आई। शहरी और ग्रामीण दोनों बिक्री में एक साल पहले की तुलना में गिरावट आई। एचयूएल ने साबुन और चाय की कीमतें बढ़ा दी हैं। डाबर ने भी हेल्थकेयर और ओरल केयर उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी की है जबकि नेस्ले ने अपने नेस्कैफे कॉफी ब्रांड के लिए कीमतों को एडजस्ट किया है।

टूथपेस्ट और शहद बनाने वाली कंपनी डाबर के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर अंकुश जैन ने कहा कि कंपनी ने कमोडिटी की बढ़ी कीमतों के प्रभाव को कम करने के लिए चुनिंदा श्रेणियों में कीमतें बढ़ाई हैं। कंपनियों के अधिकारियों ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि कीमतों में बढ़ोतरी से अगली दो तिमाहियों में शहरी मांग पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा और उपभोक्ता इसे झेलने में सक्षम होंगे। संतूर साबुन और फ्रेगरेंस बनाने वाली विप्रो कंज्यूमर केयर के सीईओ नीरज खत्री ने कहा कि हालांकि ये बढ़ोतरी कुछ हद तक वॉल्यूम को प्रभावित कर सकती है, लेकिन उपभोक्ता स्टेपल और आवश्यक श्रेणियों में इसका प्रभाव आम तौर पर कम होता है।

कमोडिटी की बढ़ती कीमतों के साथ, मार्जिन दबाव को आंशिक रूप से कम करने के लिए कीमतों में बढ़ोतरी आवश्यक है। मूल्य वृद्धि और दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए कीमतें एडजस्ट करना आवश्यक है।हालांकि एनालिस्ट्स उच्च कीमतों और कमजोर मांग के मौजूदा परिदृश्य में निकट अवधि की वृद्धि संभावनाओं के बारे में सतर्क हैं। एंटीक ब्रोकिंग ने कहा कि कच्चे माल की महंगाई ऋ्रउऋ्ररिकवरी में और देरी कर सकती है। ब्रोकरेज ने एक रिपोर्ट में कहा कि कमजोर मांग के माहौल के साथ-साथ महंगाई में बढ़ोतरी ने ऑफटेक ग्रोथ को प्रभावित किया है। कच्चे माल की कीमतों में ग्रोथ के कारण सामान की कीमतों में वृद्धि हुई है, जो वॉल्यूम ग्रोथ की गति में सुधार को और प्रभावित कर सकती है।

# अब कंपनियां नहीं कर पाएंगी आपके पैसे का 'गलत' इस्तेमाल

एजेंसी ● नई दिल्ली

आईपीओ में निवेश करने वालों के लिए अच्छी खबर है। मार्केट रेगुलेटर सेबी के बोर्ड ने छोटी एवं मझोली कंपनियों के आईपीओ लाने से संबंधित प्रक्रिया को सशक्त करने के लिए बुधवार को एक सख्त नियामकीय रूपरेखा को मंजूरी दी। इसके अलावा, सेबी ने बिक्री पेशकश को सीमित करने का फैसला किया है और प्रमोटर्स के लिए चरणबद्ध लॉक-इन पेश किया है। सेबी के बोर्ड की बैठक में यह फैसला किया गया। मार्केट रेगुलेटर ने एक बयान में इस बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी दी।बयान के मुताबिक, सेबी के बोर्ड ने डिबेंचर ट्रस्टी, ईएसजी रेटिंग प्रदाताओं, इनविट्स, रीट्स और एसएम रीट्स के लिए कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देने के लिए सुधारों को भी मंजूरी दी। इसके अलावा अनुमोदित सुधारों का उद्देश्य एसएमई को एक अच्छा ट्रैक रिकॉर्ड प्रदान करना और निवेशकों के हितों की रक्षा करते हुए जनता से धन जुटाने का अवसर प्रदान करना है। इस संबंध में, बोर्ड ने सेबी विनियम, 2018 और सेबी विनियम, 2015 में संशोधन को मंजूरी दे दी।यह कदम एसएमई के निर्गम बढ़ने के बाद उठाया गया है, जिसने महत्वपूर्ण निवेशक भागीदारी को बढ़ावा दिया है। लाभप्रदता मानदंड के संबंध में, एसएमई इकाइयों की तरफ से लाए जाने वाले आईपीओ के संबंध में सेबी ने कहा कि निर्गम लाने की योजना बनाने वाली छोटी एवं मझोली कंपनियों को अपना मसौदा दस्तावेज दाखिल करते समय पिछले तीन में से दो वित्त वर्षों में कम से कम एक करोड़ रुपये का परिचालन लाभ (ब्याज, मूल्यह्रास और कर से पहले की कमाई यानी एबिटा) दिखाना होगा।एसएमई आईपीओ में शेयरधारकों द्वारा बिक्री के लिए बिक्री पेशकश की सीमा कुल निर्गम आकार के 20% तक सीमित कर दी गई है। इसके अलावा, विक्रय करने वाले शेयरधारक अपनी मौजूदा हिस्सेदारी का 50% से अधिक हिस्सा नहीं बेच सकेंगे। इसके अलावा, न्यूनतम प्रवर्तक अंशदान (टढउ) से अधिक प्रवर्तकों की शेयरधारिता चरणबद्ध ह्यलॉक-इनह्व अवधि के अधीन होगी। अतिरिक्त हिस्सेदारी का आधा हिस्सा एक वर्ष के बाद जारी किया जाएगा, जबकि शेष 50% दो वर्षों के बाद जारी किया जाएगा।

**राज-काज**

## सोना-चांदी में मुनाफावसूली जारी...

इंदौर। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने बिटकॉइन रिजर्व बनाने के आर्डर पर साइन किए, लेकिन उस ऑर्डर में स्पष्ट किया कि बिटकॉइन अभी खरीदें नहीं जाएंगे। अभी जो बिटकॉइन उनके पास पड़े है, उनसे ही रिजर्व बनेगा। इसे नीति परिवर्तन की तरह देखा जा रहा है, जिस तरह से देश सोने और डॉलर के रिजर्व रखते हैं उसी तरह से अब अमेरिका ने एक नई नीति की शुरूआत की है, जिसमें वह क्रिप्टोकरंसी को रिजर्व में रखेंगे। इसी के साथ कनाडा और मेक्सिको पर कुछ टैरिफ एक माह के लिए टाल दिया गया है। उधर भारतीय बाजारों में सोना और चांदी में अब मुनाफावसूली देखी जा रही है। व्यवसायी नीलेश सारड़ा के अनुसार अगले हफ्ते भी मुनाफा वसूली जारी रहेगी और होलाष्टक होने से भारतीय बाजारों में ग्राहकी कमजोर है और अब रंगपंचमी के बाद ही ग्राहकी निकलने की उम्मीद है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना 2920$ ऊपर में 2922, नीचे में 2896 डॉलर प्रति औंस व चांदी 3246, ऊपर में 3268 नीचे में।

# पानी की बोतल 10 रुपये की, जोमैटो ने वसूले 100 रुपये

एजेंसी ● नई दिल्ली

कोई इवेंट हो या फेस्टिवल, दुकानदारों द्वारा ओवरचार्जिंग एक पोपुलर ट्रेंड बन गया है। इस वजह से किसी आयोजन में गए व्यक्ति की जेब तेजी से खाली होती है। आप किसी कंसर्ट में जाएं, किसी मेला-तमाशा में जाएं या फिर किसी स्पोर्ट्स इवेंट में जाएं, वहां पाएंगे कि जीवन के लिए आवश्यक वस्तु जैसे पानी की बोतल और खाने-पीने की वस्तुएं बेहद महंगी बेची जाती हैं। यहां तक कि पार्किंग चार्ज भी महंगा कर दिया जाता है। इसी तरह की एक घटना बेंगलुरु में हुई है, जिससे जोमैटो भी सुखियों में आ गया है।बेंगलुरू में एक कंसर्ट के आयोजन स्थल पर हाल ही में एक घटना हुई थी।

एक टेक एक्सपर्ट पल्लब डे ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पानी की बोतलों के लिए अधिक पैसे लिए जाने के बारे में एक पोस्ट डाला। उनकी यह पोस्ट वायरल हो गई। उनके पोस्ट के अनुसार, उनसे ?10 की एमआरपी वाली पानी की बोतल के लिए ?100 लिए गए। डे ने अपने पोस्ट में जोमैटो को टैग करते हुए सवाल किया कि वे इस तरह के मार्कअप की अनुमति कैसे दे सकते हैं। डे ने सबूत के तौर पर अपनी रसीद की तस्वीर संलग्न करते हुए पूछा 'जोमैटो को कॉन्सर्ट स्थलों पर ?10 की पानी की बोतलें ?100 में बेचने की अनुमति कैसे दी गई, जहां किसी को भी अपनी बोतलें लाने की अनुमति नहीं है?' उनकी पोस्ट तेजी से वायरल हुई, जिसने इवेंट में कीमतों में वृद्धि के मुद्दे पर ध्यान आकर्षित किया।इस पोस्ट के जवाब में, जोमैटो ने इस पोस्ट के कमेंट सेक्शन में अपनी भूमिका को स्पष्ट करते हुए कंपनी ने लिखा 'हाय पल्लब, हमें आपके अनुभव के लिए खेद है। हालांकि हम इवेंट आयोजक नहीं थे, लेकिन टिकटिंग पार्टनर थे, हमने आपकी प्रतिक्रिया को नोट कर लिया है और यह सुनिश्चित करेंगे कि इससे हमें अपने इवेंट को आगे बढ़ाने में मदद मिले।,

डे ने इवेंट आयोजकों ईवा लाइव को भी टैग किया, उन्हें अधिक कीमत के लिए जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने खरीदी गई पानी की बोतल की एक तस्वीर साझा की, जिसमें स्पष्ट रूप से ?10 की एमआरपी दिखाई दे रही थी।कई सोशल मीडिया यूजर्स ने पल्लब डे का समर्थन किया, और इस तरह के अनुभवों पर अपना आक्रोश व्यक्त किया है। एक यूजर ने टिप्पणी की, 'यह फैंसी नहीं है; यह सरासर चोरी है, और सभी को इन लोगों के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए।'



भारत के झांसी में झांसी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के नवजात गहन चिकित्सा इकाई में आग से क्षतिग्रस्त उपकरण पड़े हुए हैं।

## श्योपुर की सुनीता बोलीं- मुझे राजा बनने का बड़ा शौक; मंच पर खिलखिला उठे CM

# ₹ 30 रोज मिलते थे, अब 35 लाख की मालकिन

**संवाददाता ● भोपाल**

श्योपुर की सुनीता आदिवासी का। 41 साल की सुनीता महिला दिवस पर भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर (मिंटो हॉल) में हुए कार्यक्रम में शामिल होने आई थीं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित स्व-सहायता सम्मेलन में जब उन्हें मंच पर बोलने का मौका मिला तो 1-2 मिनट नहीं, वह पूरे 8 मिनट तक बोलती रहीं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, निर्मला भूरिया समेत सांसद, विधायक, अफसर और प्रदेशभर से आई महिलाएं उन्हें सुनती रहीं। सीएम डॉ. यादव सुनीता की दास्तां सुनकर खिलखिला उठे। वहीं, मंदसौर की अनामिका जैन के जज्बे को भी सलाम किया।

**कार्यक्रम**

### भरपेट खाना नहीं मिलता था, पति को शराब की लत लगी थी

सुनीता ने कहा- अभी मेरी उम्र 41 साल है। 14 साल की उम्र में 1997 में श्योपुर के ही एक गांव में शादी हुई। सहरिया जनजाति से हूं। ससुराल में हाथ भर घूंघट करके ही घर से बाहर निकलती थी। शादी के कुछ दिन तक सब ठीक चला, लेकिन पति को शराब की लत लग गई। गांव में शराब कोई नहीं खरीदता। खुद महुए से बनाते हैं। पति कभी बाल पकड़कर खींचता तो कभी मारपीट करता।

मैं सिर्फ 5वीं तक पढ़ी थी, लेकिन फिर सोचा कि शराबी पति के कारण अपना जीवन क्यों बर्बाद करूं। इसके बाद मैंने उससे पीछा छुड़ाकर वहां से मायके जाने का फैसला किया। पति खुद शराब पीकर पड़ा रहता था। जब मैं मजदूरी करके घर लौटती, तो वह मेरी कमाई का आधा हिस्सा छीन लेता था। गरीबी इतनी थी कि भरपेट खाना भी नहीं मिलता था। 3 बच्चे भी हो गए। दिनभर 30 रुपए में मजदूरी करती और बच्चों को पालती थी। वर्ष 2014 की बात है। गांव में एक पेड़ के नीचे कुछ महिलाएं बैठी थीं। मैंने पूछा तो बताया कि आजीविका मिशन समूह की मीटिंग है। जिसमें 10 से 12 महिलाओं का ग्रुप होता है। हर महीने 100 रुपए जमा करते हैं। वहीं, जरूरत के हिसाब से बैंक से लोन भी लेते हैं। मैं भी ग्रुप में जुड़ गई। मुझे राजा बनने का बड़ा शौक है। जब समूह के चुनाव हुए तो मैं अध्यक्ष के लिए उतर गई। अब तक 3 चुनाव लड़कर अध्यक्ष चुनी जा चुकी हूं।



**सपने में भी नहीं सोचा था कि इतना मिलेगा**

सुनीता ने बताया- समूह से जुड़ने के कुछ साल में ही लोन ले लिया। पहले घर में चक्की लगाई। फिर 16 लाख रुपए की चार पहिया गाड़ी ले ली। समूह के नाम पर ट्रैक्टर भी खरीद लिया। पिछले साल ही 8 लाख रुपए में प्लॉट खरीदा था। अभी 5 लाख रुपए का प्लॉट लेकर आई हूं। श्योपुर में मेडिकल कॉलेज के पास ही प्लॉट है। एक प्लॉट बस स्टैंड पर 5 लाख रुपए का लिया है। अब 30-35 लाख रुपए की प्रॉपर्टी की मालकिन हूं। 2014 से पहले कुछ नहीं था। मैंने सपने में भी नहीं सोचा था कि इतना मिलेगा।

### 40 लावारिस विक्षिप्त महिलाओं का पुनर्वास कराया

अनामिका ने बताया कि वह मंदसौर में लावारिस विक्षिप्त महिला आश्रय गृह का संचालन करती है। अब तक टीम 40 महिलाओं का पुनर्वास कर चुकी है। इनमें औरंगाबाद, कोलकाता, कर्नाटक की महिलाएं भी शामिल हैं। इन्हें ढूंढने के लिए गूगल की मदद भी ली गई, क्योंकि वहां की भाषा अलग थी। वहीं, अमेरिका में पति के साथ रहने वाली एक महिला का काउंसिल के दौरान परिवार ढूंढा। अनामिका ने कहा- पुलिस की मदद से आश्रय गृह में विक्षिप्त महिलाओं को लाया जाता है। उनके साथ हम भी रहते हैं। उन्हें खेल एक्टिविटी से जोड़ते हैं ताकि उनकी याददाश्त वापस आ सके। वे थोड़ा भी कुछ बताती हैं तो गूगल की मदद से सर्च करते हैं। गुजरात की एक महिला थी। जिसे हिंदी नहीं आती थी। हमने गूगल की मदद से गुजराती सीखी और उसे घर तक पहुंचाया। पूर्व विधायक सिसौदिया ने बताया- अनामिका बहुत मेहनती है। उसे गौरव सम्मान भी मिल चुका है।

**समाजसेवा, वीरता, सुरक्षा और साहसिक कार्यों के लिए 6 पुरस्कार** - कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के राज्यस्तरीय पुरस्कार भी वितरित किए गए। महिलाओं एवं बच्चों के क्षेत्र में समाजसेवा, वीरता, सुरक्षा और साहसिक कार्यों के लिए 6 पुरस्कार दिए गए। राष्ट्र माता पद्मावती पुरस्कार 2023 माधुरी मोहिद को दिया गया। उन्होंने 12 साल की बालिका को 75 साल के बुजुर्ग द्वारा छेड़ने की घटना पर पुलिस कार्रवाई करवाई थी। राजमाता विजयाराजे सिंधिया समाजसेवा 2023 पुरस्कार कोमल किन्नर, गुरु शबनम श्योपुर को दिया गया। समाज सुधार के लिए यह पुरस्कार दिया गया। वे 12 से 15 साल की बच्चियों को शिक्षित करती हैं। 2024 का यह पुरस्कार बैतूल की भारती अग्रवाल को दिया गया।

## शॉट न्यूज

### ग्वालियर में छात्रों का दो गुट आपस में भिड़ा

**ग्वालियर**। ग्वालियर में सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में इंजीनियरिंग संस्थान के बाहर छात्र आपस में एक दूसरे से मारपीट कर रहे हैं। वीडियो में कुछ छात्राएं बीच-बचाव करते हुए नजर आ रही हैं। वीडियो में एक पुलिसकर्मी भी बीच बचाव करता हुआ नजर आ रहा है। ऐसा बताया जा रहा है कि यह वीडियो MITS इंस्टीट्यूट का है, लेकिन थाना में कोई शिकायत नहीं हुई है। वीडियो पुलिस अधिकारियों के पास भी पहुंचा है, जिसके आधार पर पुलिस MITS पहुंची है और वहां पूछताछ की है। जानकारी के मुताबिक, रेसकोर्स रोड स्थित MITS में शनिवार शाम को इवनिंग नाइट कार्यक्रम था। उसके बाद संस्थान के बाहर छात्रों के दो गुटों में झगड़ा हो गया। कुछ ही देर में मारपीट होने लगी। और इस दौरान कुछ छात्राएं दोनों गुटों के मध्य बीच बचाव करती रहीं।

### बुआ से शराब के 500 मांगें,नहीं दिए तो मार डाला

**जबलपुर**। जबलपुर के ग्राम पौंडा में 1 जनवरी की रात को 57 वर्षीय महिला की हुई हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। सिहोरा पुलिस ने बुट्टन बाई कोल के हत्यारे संतोष कुमार को गिरफ्तार किया है, जो कि रिश्ते में मृतिका का सौतेला भतीजा है। आरोपी ने रिश्ते में लगने वाली बुआ से शराब पीने के लिए 500 रुपए मांगे थे, जिस पर कि बुट्टन बाई ने उसे 200 रुपए दिए, इससे नाराज होकर आरोपी ने महिला को धक्का दिया और फिर पास ही रखे धारदार हंसिया उठाया और महिला के गले में दे मारा। इसके बाद आरोपी मौके से बुजुर्ग महिला के 1200 रुपए लेकर फरार हो गया। 2 जनवरी की सुबह स्थानीय ग्रामीणों ने सिहोरा थाना पुलिस को सूचना दी कि बुट्टन बाई अपने घर के आंगन में मृत हालत में पड़ी हुई है मामले की गंभीरता को देखते हुए जबलपुर से एएसपी सूर्यकांत शर्मा घटनास्थल पहुंचे और अज्ञात हत्यारे के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी।

### रतलाम में नकली ट्रेडिंग एप से ठगा

रतलाम। रतलाम पुलिस ने ट्रेडिंग एप के माध्यम से धोखाधड़ी कर रुपए ठगने वाले गिरोह को पकड़ा है। गिरोह के सदस्य 55 हजार रुपए में प्राइवेट एप खरीदकर लोगों से करीब 5 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी कर चुके हैं। गिरोह में भोपाल, इंदौर व देवास के लोग शामिल हैं। गिरोह के 6 सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इनमें दो लड़कियां भी शामिल है। एसपी अमित कुमार ने बताया पुष्कर पाटीदार (36) पिता रामेश्वर पाटीदार निवासी ग्राम रणायरा (आलोट) META TRADES 5 PRO ट्रेडिंग एप के माध्यम से ट्रेडिंग करते थे। ट्रेडिंग के नाम पर अलग अलग तीन एकाउंट्स में करीब 7 लाख 11 हजार 250 रुपए इनसे ट्रेडिंग के नाम पर जमा करवाकर धोखाधड़ी की। शिकायत आलोट थाने पर की गई।

# भोपाल के हमीदिया अस्पताल में डॉक्टरों पर हमला

## हथियार लेकर आईसीयू में घुसे 30-40 लोग

**संवाददाता ● भोपाल**



भोपाल के हमीदिया अस्पताल में मरीज के परिजन ने डॉक्टर्स पर हमला कर दिया। मारपीट में तीन डॉक्टर को चोटें आई हैं, इनमें एक जूनियर डॉक्टर को सिर में चोट आई है। घटना शनिवार-रविवार की दरमियानी रात करीब 1 बजे की है। अस्पताल के आईसीयू-3 में मरीज डॉली बाई की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इससे गुस्साए परिजन और वहां मौजूद भीड़ ने ऑन ड्यूटी डॉक्टरों पर हमला कर दिया। कुछ देर में हथियारों से लैस लोग आए और डॉक्टरों से मारपीट की। इस दौरान आईसीयू में 10 से ज्यादा डॉक्टर मौजूद थे। डॉक्टरों ने इस हमले के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है और प्रशासन से सुरक्षा बढ़ाने की अपील की है।

**हमला**

**वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान**- हमले के बाद अस्पताल प्रशासन और डॉक्टरों ने सुरक्षा बढ़ाने की मांग की गई है। इस घटना से जुड़े दो वीडियो भी सामने आए हैं। वीडियो में दिख रहा है कि कुछ लोग डॉक्टरों पर हमला कर रहे हैं। वीडियो के आधार पर पुलिस संदिग्धों की पहचान करने में जुटी हुई है। ड्यूटी डॉक्टर्स ने सीएमओ हमीदिया को पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने बताया, हमीदिया अस्पताल में एक गंभीर घटना हुई है। आईसीयू (H3D) में भर्ती मरीज डॉली बाई की मौत के बाद अस्पताल में हंगामा हुआ। मरीज को 9 मार्च 2025 को मृत घोषित किया गया था। इसके बाद करीब 30-40 लोगों की भीड़ ने आईसीयू में तैनात डॉक्टरों पर हमला कर दिया। हमलावरों के पास हथियार भी थे, जिससे अस्पताल परिसर में डर का माहौल बन गया। मामले में जूडा अध्यक्ष डॉक्टर कुलदीप गुप्ता ने कहा, घटना दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। हम पहले भी डॉक्टर्स की सुरक्षा को लेकर सीएम, डिप्टी सीएम, पुलिस कमिश्नर और प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र लिख चुके हैं। इससे पहले महिला डॉक्टर की कार में तोड़फोड़ हुई। कई बार यहां परिसर में रात में संदिग्ध लोग घूमते रहते हैं। इसके लिए हमें सुरक्षा दी जानी चाहिए।

## राजभवन से GMC तक निकलेगी डॉक्टरों की बाइक रैली

**भोपाल**। भोपाल में अंगदान को बढ़ावा देने के लिए विशेष पहल की जा रही है। गांधी मेडिकल कॉलेज एलुमिनाई एसोसिएशन और किरण फाउंडेशन ने लायंस ऑफ भोपाल के साथ मिलकर एक कार और बाइक रैली का आयोजन किया है। रैली 9 मार्च को सुबह 10:30 बजे न्यू मार्केट स्थित राजभवन से शुरू होगी और गांधी मेडिकल कॉलेज पर समाप्त होगी। इस रैली में मुख्य रूप से डॉक्टर भाग लेंगे। लायंस क्लब के को-ऑर्डिनेटर एमजेएफ लायन आबिद बेग ने बताया कि यह आयोजन डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन मनीष शाह की पहल पर किया जा रहा है। इस रैली में भोपाल के सभी लायंस क्लब के सदस्य और डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट के पदाधिकारी शामिल होंगे। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य अंगदान के प्रति लोगों को जागरूक करना और प्रेरित करना है। किरण फाउंडेशन से डॉक्टर राकेश भार्गव ने बताया कि 9 मार्च, रविवार सुबह 10:30 बजे राजभवन ने राज्यपाल मंगु भाई पटेल रैली को हरी झंडी दिखाएंगे, इसमें 400 से अधिक छात्र शामिल होंगे। इसके बाद यह रैली गांधी मेडिकल कॉलेज में समाप्त होगी। इस सम्मेलन में चिकित्सा जगत के विशेषज्ञ, समाजसेवी और अंगदान से जुड़े प्रेरणादायक लोग शामिल होंगे। राकेश भार्गव ने बताया कि अब तक, 24 लोगों द्वारा किए गए अंगदान से 70 लोगों को नया जीवन मिला है। इसके साथ ही, 120 मरीजों को अंग प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध कराई गई, जिससे उनके जीवन में नई रोशनी आई है। वहीं, 180 से अधिक युवाओं को चिकित्सा विज्ञान में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया।



# जबरन धर्मांतरण करवाने वालों पर सख्त मप्र की मोहन सरकार

## मिलेगी मौत की सजा



**संवाददाता ● भोपाल**

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शनिवार को घोषणा की कि उनकी सरकार नाबालिगों से बलात्कार की सजा के समान ही लड़कियों के धर्म परिवर्तन के लिए मृत्युदंड की सजा लागू करेगी। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भोपाल में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान यह घोषणा की। मोहन यादव ने कहा कि मासूम बेटियों से बलात्कार करने वालों के खिलाफ सरकार बहुत सख्त है। ऐसे लोगों को मौत की सजा दी जाएगी। इसके अलावा, मध्य प्रदेश धर्म स्वतंत्रता अधिनियम में धर्म परिवर्तन के लिए मृत्युदंड का प्रावधान भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अवैध धर्मांतरण करने वालों को नहीं बख्शेगी। मोहन यादव ने फेसबुक पोस्ट में कहा कि मध्य प्रदेश सरकार गलत कामों से और ऐसी कुप्रथाओं से और सख्ती से निपटेगी। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार आत्मसम्मान और बेटियों" की सुरक्षा के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि बेटियों के साथ बलात्कार करने वालों के लिए मृत्युदंड के प्रावधान के बाद अब मध्य प्रदेश में बेटियों का धर्म परिवर्तन करने वालों के लिए भी मृत्युदंड का प्रावधान किया जाएगा।

भोपाल में महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने महिलाओं के लिए मासिक वित्तीय सहायता योजना ‘लाडली बहना योजना’ के 1.27 करोड़ से अधिक लाभार्थियों के खातों में 1,552.73 करोड़ रुपये डिजिटल रूप से हस्तांतरित किए। उन्होंने एलपीजी सिलेंडर रिफिल योजना के तहत 26 लाख से अधिक पात्र लाभार्थियों को 55.95 करोड़ रुपये का अनुदान भी हस्तांतरित किया, जिसके तहत प्रति सिलेंडर 450 रुपये प्रति माह की सब्सिडी प्रदान की जाती है।

### मुख्यमंत्री की घोषणा पर कांग्रेस का तंज

कांग्रेस नेता आरिफ मसूद ने यादव की घोषणा पर चिंता जताई है और उनसे आग्रह किया है कि वे पहले स्पष्ट करें कि जबरन धर्म परिवर्तन से उनका क्या मतलब है। उन्होंने भोपाल में लापता लड़कियों के मामलों को संबोधित करने में सरकार की निष्क्रियता पर भी प्रकाश डाला। मसूद ने एएनआई से कहा कि सबसे पहले, मुख्यमंत्री को यह स्पष्ट करना चाहिए कि जबरन धर्म परिवर्तन का क्या मतलब है। साथ ही, भोपाल में अभी भी कई लड़कियां लापता हैं। हाल ही में इटखेड़ी की एक लड़की लापता हो गई थी और उसका परिवार पिछले तीन दिनों से परेशान है।

# एमपी के बजट सत्र की शुरुआत कल से

## विधायकों ने लगाए 2939 सवाल, सरकार को घेरने विपक्ष ने बनाई रणनीति

**संवाददाता ● भोपाल**

सोमवार यानि 10 मार्च से मप्र विधानसभा का बजट सत्र शुरु हो रहा है। इस सत्र में विधायकों ने करीब 2939 सवाल लगाए हैं। विधानसभा सचिवालय को 1785 सवाल ऑनलाइन मिले हैं जबकि, विधायकों ने 1154 प्रश्न ऑफलाइन लगाए हैं।कल 10 मार्च से शुरु होने वाले बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल का अभिभाषण होगा। उसके बाद अभिभाषण पर कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव होगा। 11 मार्च को प्रश्नकाल के बाद दूसरा सप्लीमेंट्री बजट पेश होगा। 11 मार्च को ही आर्थिक सर्वेक्षण प्रस्तुत होगा। इसके बाद राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा होगी। 12 मार्च को साल 2024-25 का बजट पेश किया जाएगा। 13 मार्च को प्रश्नकाल के बाद राज्यपाल के अभिभाषण और बजट पर चर्चा होगी।

**सवाल**




**5 दिन छुट्टी रहेगी** – बजट के अगले दिन चर्चा होने के बाद 14 मार्च को होली की छुट्टी रहेगी। 15 मार्च को शनिवार और 16 मार्च को रविवार का अवकाश रहेगा। इसके बाद 17 मार्च को प्रश्नकाल के बाद दूसरे सप्लीमेंट्री बजट को मतदान कराकर पारित किया जाएगा। 18 मार्च को प्रश्नकाल, मांगों पर मतदान होगा। 19 मार्च को रंगपंचमी की छुट्टी रहेगी। 20 मार्च को प्रश्नकाल के बाद मांगों पर मतदान और नए बजट पर चर्चा होगी। 21 मार्च को प्रश्नकाल के बाद बजट पर चर्चा कराकर पारित किया जाएगा। इसके बाद अशासकीय संकल्प और विधेयक पेश किए जाएंगे। 22 और 23 मार्च को अवकाश के बाद 24 मार्च को प्रश्नकाल के बाद अन्य शासकीय काम होंगे और विधानसभा का सत्र खत्म हो जाएगा। बजट सत्र में सरकार को घेरने के लिए विपक्ष ने तगड़ी घेराबंदी की है। कांग्रेस के विधायक परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के करप्शन कांड, कपास और धान उपार्जन में हुए घोटाले, भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी, लाड़ली बहना योजना की राशि न बढ़ाए जाने जैसे मुद्दों को लेकर सरकार को घेरेंगे।

# पार्टी में डीजे बंद कराने का बोला तो किया पथराव

## हमलावरों ने पहले बुजुर्ग को पीटा

**संवाददाता ● ग्वालियर**

ग्वालियर में बर्थडे पार्टी में आधी रात को चल रहे डीजे को बंद कराने पहुंचे बुजुर्ग पर चार युवकों ने मारपीट कर हमला कर दिया। बुजुर्ग जान बचाकर घर पहुंचा तो हमलावर पीछे से गालियां देते पहुंचे। हमलावरों ने उनके घर पर पथराव कर दिया। पत्थर मारकर घर के खिड़कियों के कांच तोड़ दिए। घर के बाहर रखी कार के भी कांच तोड़ दिया। इसके बाद बाइक पर सवार होकर बदमाश भाग गए। घटना आधी रात रंगियाना मोहल्ला ग्वालियर की है। पूरी घटना का एक CCTV फुटेज सामने आया है। पुलिस अब हमलावरों की तलाश कर रही है। शहर के उप नगर ग्वालियर के रानीपुरा-रंगियाना मोहल्ला में रहने वाले राकेश बहादुर सिंह भदौरिया (63) शनिवार रात अपने घर में सो रहे थे। तभी रात 1 बजे उनके पड़ोस में रहने वाले रिश्ते के भतीजे अंकित भदौरिया के घर पर बर्थडे कार्यक्रम में तेज आवाज में DJ बज रहा था। शोर उनसे सहन नहीं हुआ तो वह अंकित के घर पहुंचे और DJ बंद करने के लिए कहा। इस पर अंकित और उसके साथी लल्ला उर्फ प्रदीप और उसके दो अन्य साथियों ने उनसे विवाद किया। सभी मारपीट पर आ गए, जिससे घबराकर वह अपनी जान बचाकर भागे। बर्थडे पार्टी में खलल पड़ने से अंकित और उसके साथी बौखला गए। देर रात वह राकेश बहादुर के घर बाइक पर सवार होकर पहुंचे और गाली गलौज करते हंगामा किया।

## उज्जैन में जोश हाई जोश! फैंस बोले- '25 साल बाद...'

# ’भारत माता की जय’ के नारे गूंजे

**संवाददाता ● उज्जैन**

दुबई में खेले जाने वाले भारत और न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के फाइनल मुकाबले को लेकर धार्मिक नगरी उज्जैन में क्रिकेट फैन्स काफी उत्साहित हैं। उज्जैन के खेल मैदान 'भारत माता की जय’ के नारों से गूंज रहे हैं। खिलाड़ियों का दावा है कि इस बार टीम इंडिया चैंपियनशिप जीत कर ही आएगी। दुबई में भारत और न्यूजीलैंड के फाइनल मुकाबले को लेकर उज्जैन के क्षीरसागर मैदान पर खिलाड़ियों के बीच काफी उत्साह देखने को मिला। बातचीत के दौरान खिलाड़ी प्रदीप सिंह ने कहा कि इस बार टीम इंडिया का परफॉर्मेंस काफी जोरदार है। जिस प्रकार से ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान ो टीम इंडिया ने पराजित किया है, कुछ इस तरह की जीत न्यूजीलैंड के खिलाफ भी देखने को मिलेगी।

**उत्साह**



**विराट कोहली से है उम्मीद- फैन्स** – खिलाड़ियों का दावा है की टीम इंडिया का फाइनल मुकाबले में सबसे बेहतर प्रदर्शन होगा। क्रिकेट खिलाड़ी जाहिद खान ने कहा कि विराट कोहली से काफी उम्मीद है। विराट अभी तक के सबसे बेहतरीन बल्लेबाज के रूप में सामने आए हैं। इस बार टीम इंडिया की फील्डिंग और बोलिंग का भी दूसरी टीम मुकाबला नहीं कर पा रही है।

### 25 साल बाद हार का बदला लेगी भारत

क्रिकेट प्रेमी विनोद परिहार के मुताबिक साल 2000 में न्यूजीलैंड ने भारतीय टीम को हराकर फाइनल मुकाबला जीता था। इस बार भारत अपना बदला लेने जा रही है। साल 2000 का बदला 25 साल बाद होगा भारतीय टीम का जो परफॉर्मेंस सामने आया है, उसे देखकर कोई भी कह सकता है कि इस बार भारतीय टीम मैच जीतेगी। खिलाड़ी अजय शर्मा के मुताबिक न्यूजीलैंड और भारत के बीच काफी टक्कर है लेकिन आखिर में जीत भारत की ही होने वाली है। उज्जैन समेत पूरे देश में भारतीय टीम को लेकर जबरदस्त उत्साह है। हर कोई उम्मीद लगाए बैठा है कि इस बार टीम इंडिया 25 साल पुरानी हार का बदला लेकर ट्रॉफी अपने नाम करेगी।

# पैपराजी की हरकत पर आगबबूला हुईं उर्फी जावेद

## हील्स दिखाते हुए बोलीं - 'बस निकलने वाली है

आईफा 2025 का आयोजन इस साल राजस्थान के जयपुर शहर में 8 और 9 मार्च को किया जा रहा है। जिसमें शाहरुख खान, माधुरी दीक्षित, करीना कपूर, शाहिद कपूर और कार्तिक आर्यन समेत कई बड़े सेलेब्स शामिल हुए। वहीं टीवी एक्ट्रेस और सोशल मीडिया क्वीन उर्फी जावेद ने भी बीते रात आईफा में शिरकत की। जहां वो हमेशा की तरह अतरंगी ड्रेस में दिखी। तभी एक पैपराजी ने एक्ट्रेस पर कुछ कमेंट और उर्फी उनपर आग बबूला होती दिखी। दरअसल आईफा 2025 में उर्फी जावेद ने एक ब्लैक कलर की आउटफिट कैरी की थी। जिसमें उन्होंने ग्रीन कारपेट पर पहुंचकर जमकर पोज दिए। इसी दौरान एक पैपराजी ने एक्ट्रेस को चमगादड़ बोल दिया। तो एक्ट्रेस उनपर भड़कती हुई दिखाई दी। लेकिन फिर पलभर में उर्फी ये बात भूल गई और पोज देने लगी। तभी पैपराजी ने कहा कि, 'उड़ जाओ उड़ जाओ।।' तो उर्फी ने हील्स दिखाते हुए कहा कि, 'बस निकलने ही वाली है।' उर्फी का ये वीडियो सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रहा है। उर्फी जावेद का ये वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। जिसपर यूजर्स भी तरह-तरह के कमेंट करते दिखे। जहां कुछ लोगों ने एक्ट्रेस की जमकर तारीफ की। वहीं कुछ यूजर्स उन्हें ट्रोल करते भी दिखे। एक यूजर ने लिखा कि, 'अरे ये कुछ भी पहन लेती है।' दूसरे ने कहा कि, 'पता नहीं क्या क्या देखना प ड़ रहा है।' बता दें कि उर्फी जावेद टीवी की फेमस एक्ट्रेस और सोशल मीडिया सेंसेशन हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में एक वेब सीरीज में भी काम किया था। जिसका नाम 'फॉलो कर लो यार' था। इसमें एक्ट्रेस के काम को लोगों ने खासा पसंद किया था।



# फैमिली के साथ बीच पर वेकेशन एंजॉय कर रही हैं अनन्या पांडे



## सनकिस्ड फोटोज में दिखा दिलकश अवतार

बॉलीवुड की गॉर्जियस गर्ल अनन्या पांडे इन दिनों अपनी फैमिली के साथ वेकेशन पर हैं। जिसकी तस्वीरें उन्होंने हाल ही में फैंस के साथ शेयर की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस सनकिस्ड फोटोज में हसीन पोज देती नजर आई। अनन्या पांडे इन दिनों विदेश में अपनी फैमिली के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड कर रही हैं। दरअसल पूरी पांडे फैमिली इस वक्त वेकेशन पर हैं। इस वेकेशन की कई खूबसूरत तस्वीरें अनन्या और उनकी मां भावना पांडे ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं। जिसमें वो समुद्र किनारे पोज देते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं एक तस्वीर में अन्नया पांडे ट्रांसपेरेंट ड्रेस पहने बीच पर इठलाती हुई नजर आ रही हैं। भीगे बालों ने उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा दिए हैं। इस फोटो में भी अनन्या का लुक देखते ही बन रहा है। एक्ट्रेस की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। जिनपर फैंस भी प्यार लुटा रहे हैं। वहीं कुछ तस्वीरों में अनन्या ने अपनी टेनिंग की झलक भी फैंस को दिखाई है। इसमें सूरज की रोशनी ने एक्ट्रेस के लुक और सुंदर बना दिया है। अनन्या ने इन तस्वीरों को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा कि, 'सूरज, मेरा टेनिंग और मेरा मेकअप बहुत सपोर्टिव है।' वर्कफ्रंट की बात करें तो अनन्या पांडे आखिरी बार फिल्म 'खो गए हम कहां' में नजर आई थी। जो ओटीटी पर रिलीज हुई थी।

# IIFA अवार्ड समारोह में 2 एक्टर्स के बीच हुई बॉक्सिंग


## जयपुर में होस्टिंग को लेकर 3 कलाकारों में नोकझोंक

इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी (IIFA) अवॉर्ड्स समारोह की शुरुआत जयपुर में शनिवार से हो गई है। 2 दिन चलने वाले इस समारोह में सीतापुरा स्थित एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (JECC) में पहले दिन 8 मार्च को डिजिटल अवॉर्ड दिए गए।


इसमें चमकीला को डिजिटल कैटेगरी की बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड मिला। शनिवार की देर रात तक चले कार्यक्रम में स्टेज पर एक्टर- एक्ट्रेस ने जमकर मस्ती की। अभिषेक और विजय वर्मा के बीच स्टेज पर होस्टिंग को लेकर तकरार हुई। इसमें अपारशक्ति भी शामिल हुए। आखिर में तीनों ने मिलकर होस्टिंग की। आईफा सेरेमनी के दौरान स्टेज पर बॉक्सिंग रिंग बनाई गई। इस रिंग में एक्टर अभिषेक बनर्जी और विजय वर्मा उतरे। दोनों ने फिल्मों और ओटीटी को लेकर बॉक्सिंग की। वहीं नोरा फतेही के साथ जयपुर के 2 युवा कलाकारों में डांस किया। आईफा डिजिटल फिल्म अवॉर्ड में बेस्ट फिल्म का पुरस्कार अमर सिंह चमकीला को मिला। चमकीला फिल्म के लिए ही इम्तियाज अली को बेस्ट डायरेक्टर का अवॉर्ड दिया गया। अवॉर्ड लेते हुए इम्तियाज अली ने कहा- ये अवॉर्ड इसलिए खास है कि आज ही के दिन 37 साल पहले 8 मार्च को चमकीला की गोली मारकर हत्या की गई थी। परफॉर्मेंस इन लीडिंग रोल फीमेल कैटेगरी में कृति सेनन को फिल्म दो पत्ती के लिए दिया गया। वहीं परफॉर्मेंस इन लीडिंग रोल मेल कैटेगरी का अवॉर्ड विक्रांत मैसी को सेक्टर 36 के लिए मिला। फिल्म बर्लिन में निभाए अपने किरदार के लिए परफॉर्मेंस इन सपोर्टिंग रोल (फीमेल) अनुप्रिया गोयनका को मिला। वहीं सेक्टर 36 के लिए परफॉर्मेंस इन सपोर्टिंग



रोल (मेल) दीपक डोबरियाल को दिया गया। बेस्ट स्टोरी ओरिजिनल का अवॉर्ड कनिका ढिल्लन को दो पत्ती के लिए मिला। सबसे ज्यादा अवॉर्ड पंचायत के सीजन 3 को मिले।




# कभी पति संग हुईं रोमांटिक, तो कभी बिकिनी पहनकर की पूल पार्टी



बॉलीवुड कपल रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी इन दिनों अपने काम से दूर फैमिली के साथ वेकेशन एंजॉय कर रहे हैं। इस दौरान कपल पूल पार्टी में मस्ती करता दिखा। इसकी झलक एक्ट्रेस ने खुद सोशल मीडिया पर शेयर की है। रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी इन दिनों मालदीव में हैं। जहां कपल अपने परिवार के साथ वेकेशन मना रहा है। इस वेकेशन से अब कई खूबसूरत तस्वीरें रकुल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं। जिसमें कपल फैमिली के साथ पूल पार्टी करता दिखी। इन तस्वीरों में रकुल प्रीत सिंग काफी गॉर्जियस लुक में दिखी। उन्होंन डार्क शेड की बिकिनी पहनी है और पूल में मस्ती करती दिखाई दे रही हैं। रकुल ने अपना ये पूल पार्टी लुक आंखों पर चश्मा और बिना मेकअप के कंपलीट किया है। तस्वीरें में एक्ट्रेस काफी क्यूट लग रही हैं। मालदीव वेकेशन की इन तस्वीरों को शेयर करते हुए रकुल ने लिखा कि, 'परिवार, हंसी और शुद्ध आनंद।।। जीवन में सबसे महत्वपूर्ण लोगों से घिरे होने पर ऐसा ही महसूस होता है' वहीं एक फोटो में रकुल प्रीत सिंह सनसेट के सामने अपने पति जैकी संग रोमांटिक होती हुई भी नजर आई हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो रकुल प्रीत सिंह को आखिरी बार फिल्म 'इंडियन 2' में कमल हासन के साथ देखा गया था।

# हम इधर उधर मिलते रहते हैं

## एक्स गर्लफ्रेंड करीना कपूर को स्टेज पर गले लगाने के बाद बोले शाहिद कपूर



अवॉर्ड चर्चा में बना हुआ है। इस दौरान शाहिद कपूर और करीना कपूर की सबसे ज्यादा चर्चा हुई। एक्स कपल ने एक दूसरे को स्टेज पर गले लगाया और खूब सारी बातें की। सोशल मीडिया पर उनके वीडियोज और फोटोज वायरल हैं। शाहिद और करीना को साथ बात करते देख फैंस काफी खुश नजर आए। इस मुलाकात के बाद शाहिद कपूर ने इसे लेकर रिएक्ट किया। शाहिद कपूर ने कहा कि वो और करीना मिलते जुलते रहते हैं। IIFA Digital Award के ग्रीन कारपेट पर मीडिया से बात करते हुए शाहिद ने कहा, 'हमारे लिए ये कोई नई बात नहीं है। आज स्टेज पे मिले और हम लोग इधर उधर मिलते रहते हैं।' ये पहली बार नहीं है जब शाहिद और करीना पब्लिक में टकराए। दादासाहेब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड 2024 में भी दोनों टकराए थे। लेकिन उस वक्त करीना ने शाहिद को इग्नोर किया। बता दें कि शाहिद कपूर और करीना कपूर का रिलेशनशिप काफी चर्चा में रहा था। दोनों 2007 में अलग हो गए थे। उन्होंने साथ में चुप चुप के, फिदा, 36 चाइना टाउन, मिलेंगे मिलेंगे, जब वी मेट जैसी फिल्में की हैं। दोनों की जोड़ी को फैंस काफी पसंद करते थे। करीना और शाहिद का लव अफेयर काफी चर्चा में रहा था। हालांकि, ब्रेकअप के बाद दोनों अपनी-अपनी लाइफ में मूवऑन कर गए थे। करीना कपूर ने सैफ अली खान संग शादी की। सैफ और करीना के दो बेटे तैमूर और जेह हैं। वहीं शाहिद कपूर ने मीरा राजपूत संग शादी की। शाहिद और मीरा के भी दो बच्चे हैं। एक बेटी और बेटा मीशा और जैन।





# राजधानी में रन फॉर मान का हुआ आयोजन, मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के लिए 1000 छात्रों ने लगाई दौड़

**रायपुर।** यंग इंडियंस रायपुर द्वारा ह्लरन फॉर मानह्व का सफल आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य और जागरूकता को बढ़ावा देना था. इस विशेष आयोजन में लगभग 1000 छात्र, जिनमें 50 विशेष रूप से सक्षम छात्र भी शामिल थे. उन्होंने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मिथकों को तोड़ने का संकल्प लिया.कार्यक्रम की शुरूआत पुश-अप चैलेंज, जुम्बा सेशन और चेयरपर्सन गौरव अग्रवाल के उद्घाटन संबोधन के साथ हुई. मुख्य आकर्षण रहा यंग इंडियंस के सदस्यों द्वारा रन फ्लैग-ऑफ, जिसके बाद सभी प्रतिभागियों ने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए दौड़ पूरी की.दौड़ के समापन के बाद, मुख्य अतिथि रायपुर कलेक्टर गौरव कुमार सिंह का स्वागत किया, जिन्होंने मानसिक स्वास्थ्य पर खुली बातचीत की जरूरत को उजागर करते हुए प्रेरणादायक भाषण दिया. इसके बाद सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को मोमेंटो वितरित किए गए और अंत में को चेयरपर्सन पंकज सोमानी द्वारा धन्यवाद भाषण दिया गया, जिसमें सभी सहयोगियों के योगदान को सराहा गया. इस पहल ने छात्रों, शिक्षकों और समुदाय को एक मंच पर लाकर जागरूकता, समावेशिता और मानसिक सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया. यंग इंडियंस रायपुर भविष्य में भी ऐसे प्रभावशाली आयोजनों के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है.

# बजरंग दल के प्रदर्शन के बीच हुआ पथराव, कई गाड़ियों में हुई तोड़फोड़, इलाके में भारी पुलिस बल तैनातं

**संवाददाता ● रायपुर**



राजधानी रायपुर में धर्मांतरण को लेकर जमकर बवाल हुआ है. टाटीबंध इलाके में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने धर्मांतरण का आरोप लगाते हुए एक घर के बाहर प्रदर्शन किया. इस दौरान भीड़ उग्र हो गई और घर के बाहर खड़ी गाड़ियों को निशाना बनाया गया. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है.जानकारी के अनुसार, टाटीबंध स्थित एक घर में धर्मांतरण कराने की जब बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को सूचना मिली, तो वे मौके पर सैकड़ों की संख्या में पहुंचे और इसका विरोध किया. देखते ही देखते माहौल गरमा गया और पूरे मामले हिंसक होता गया।

विरोध प्रदर्शन के दौरान बजरंग दल और विशेष समुदाय के बीच जमकर झड़प हुई।

इस दौरान कई महंगी गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई. घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आला अधिकारी भी पहुंचे, जिन्होंने हालात को संभालने का प्रयास किया. इस विवाद के दौरान कुछ लोग घर में फंसे हुए थे. पुलिस ने सभी लोगों को सुरक्षित निकालकर अपनी गाड़ियों में बैठाया और वहां से रवाना किया।

इसी बीच बजरंग दल ने मौके पर मंदिर बनाने की मांग की है.मामले में सिटी एएसपी लखन पटले ने कहा कि स्थिति को समझा जा रहा है, हालात अब काबू में है. भारी पुलिस बल तैनात किया गया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है. खबर लिखे जाने तक किसी भी प्रकार के एफआईआर दर्ज होने की पुष्टि नहीं हुई थी.

# गौशाला में भूख से हुई 19 गायों की मौत, केयरटेकर को 2 महीने से नहीं मिली सैलरी तो नहीं खिलाया चारा

**गरियाबंद।** कोपरा गौशाला में 19 गायों की मौत हो गई. मृत गायों को पैरी नदी के किनारे एक-एक करके फेंका जा रहा था. बदबू फैलने के बाद प्रशासन तक इसकी शिकायत पहुंची. राजिम एसडीएम विशाल महाराणा टीम के साथ जांच करने पहुंचे. टीम ने पाया कि मौजूद 150 गायें भी चारे के अभाव में भूखी हैं. अफसरों ने संचालक मनोज साहू को फटकार लगाया है, साथ ही गौशाला के निरीक्षण के जिम्मेदार पशु चिकित्सक को नोटिस थमाया जा रहा है. जांच में यह भी पाया गया कि चरवाहे और केयरटेकर को दो माह से वेतन नहीं दिया गया है, जिसके चलते गौवंश की देखभाल नहीं हुई. मामले के बाद अब जिला प्रशासन ने गौशाला संचालन की जवाबदारी दूसरी संस्था को देने की तैयारी कर ली है. वीएचपी का आरोप है कि गायों की मौत उन्हें चारा न मिलने से हुई है.पिछले दो महीने से बिना चारा-पानी के तड़प रही गायों की हकीकत तब सामने आई, जब विहिप कार्यकर्ताओं ने एक-एक कर गायों की लाश फेंके जाने की घटना को संज्ञान में लिया और इसकी तहकीकात करते हुए गौवंशों से साथ हो रही दुराचार को उजागर किया. घटना को लेकर विहिप कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया, जिसके बाद देर रात मौके पर पहुंचे प्रशासन ने जब गौशाला का निरीक्षण किया, तो 19 गायें मर चुकी थीं, जबकि 150 मवेशी भूख से कमजोर होकर जमीन पर पड़े थे. जैसे ही चारा डाला गया, गायें टूट पड़ीं, कुछ तो खड़े होने लायक भी नहीं थीं. मंजर देखकर मौके पर पहुंचे अधिकारियों के रोंगटे खड़े हो गए. जांच में पता चला कि चरवाहों को दो महीने से वेतन नहीं मिला, इसलिए वे काम छोड़कर चले गए. गौशाला का संचालन करने वाली संस्था की लापरवाही उजागर होने पर संचालक मनोज साहू को तलब किया गया है और एफआईआर दर्ज करने की तैयारी चल रही है.मोहित साहू जिला संयोजक बजरंग दल, डिगेश्वर वर्मा विभाग मंत्री विहिप ने कहा कि गौशाल में पर्याप्त चारे की व्यवस्था नहीं थी. एक माह के भीतर 45 से ज्यादा गौवंश की मृत्यु हुई है. लापरवाही ऐसी की मृत के बाद विधिवत अंतिम संस्कार भी नहीं किया गया।

## न्यूज कॉलम

### तेज रफ्तार माजदा अनियंत्रित होकर पलटी, दो की मौत

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में आज देर शाम बड़ा सड़क हादसा हो गया. तेज रफ्तार माल वाहक माजदा अनियंत्रित होकर पलट गई. हादसे में 2 व्यक्ति की मौत हो गई है जबकि 50 लोग घायल हो गए हैं. सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया है. गंभीर रूप से घायलों को रायपुर रेफर किया गया है. घटना सिंगारपुर के मटियाटोला गांव के पास की बताई जा रही है. जानकारी के मुताबिक, माजदा में सवार होकर करीब 50 से अधिक लोग चौथिया कार्यक्रम से लौट रहे थे. इस दौरान सिंगापुर के मटियाटोला गांव के पास वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई. दर्दनाक हादसे में 2 व्यक्ति की मौत हो गई है. मृतकों की संख्या में बढ़ोतरी की आशंका है।

### पांच दिनों तक बांटेगा गुलाल

**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा 13 मार्च तक निःशुल्क गुलाल का वितरण किया जाएगा. काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया कि हर्बल गुलाल का वितरण का शुभारंभ रविवार को दोपहर 12 बजे लाखेनगर सिंधी पंचायत से होगा. दोपहर 1 बजे से राधा स्वामी नगर में वितरण किया जाएगा. 10 मार्च को डॉ. एन.डी. गजवानी क्लिनिक राजेंद्रनगर में, 11 मार्च को रायपुर रेलवे स्टेशन में, 12 मार्च को तेलीबांधा व अरविंद दीक्षित वार्ड में, 13 मार्च को भगवतीचरण वार्ड में नागरिकों को गुलाल वितरण होगा।

## आम जनता को मिलने लगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं

# मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सुविधाओं का हो रहा तेजी से विस्तार

**संवाददाता ● रायपुर**

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार विस्तार हो रहा है. राज्य सरकार ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बेहतर चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए कई नई योजनाएं लागू की हैं. इससे प्रदेश की आम जनता को अब अधिक सुलभ, किफायती और आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं मिल रही हैं.मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सत्ता संभालने के बाद से स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता दी है. उनकी सरकार ने प्रदेश में स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए बड़े कदम उठाए हैं. सरकारी अस्पतालों का उन्नयन, नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना और अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण इन प्रयासों के प्रमुख भाग हैं.राज्य सरकार ने जिला और तहसील स्तर के सरकारी अस्पतालों को अपग्रेड करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं. इसमें नए उपकरणों की आपूर्ति, विशेषज्ञ डॉक्टरों की भर्ती और डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं की शुरूआत शामिल है.

रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग और अंबिकापुर में प्रमुख सरकारी अस्पतालों में अत्याधुनिक आईसीयू और इमरजेंसी सुविधाओं का विस्तार किया गया है. ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर बनाने क लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट्स की संख्या बढ़ाई गई है. ई-हॉस्पिटल प्रणाली को लागू कर सरकारी अस्पतालों में ऑनलाइन अपॉइंटमेंट, टेलीमेडिसिन और डिजिटल मेडिकल रिकॉर्ड की सुविधा शुरू की गई है. प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना का विस्तार कर इसे और प्रभावी बनाया है. इस योजना के तहत गरीब और जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क इलाज और दवाओं की सुविधा दी जा रही है.



### ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती

ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए सरकार ने कई नई योजनाएं शुरू की हैं. प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (ढलउ) और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (उलउ) में नए डॉक्टरों और नर्सों की नियुक्ति की जा रही है. टेलीमेडिसिन सेवाएं शुरू की गई हैं, जिससे ग्रामीण इलाकों के लोग विशेषज्ञ डॉक्टरों से वीडियो कॉल के जरिए परामर्श ले सकते हैं. 108 संजीवनी एंबुलेंस सेवा का विस्तार किया गया है, जिससे मरीजों को आपातकालीन स्थिति में त्वरित चिकित्सा सहायता मिल सके. मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाया गया है, जिससे संस्थागत प्रसव की संख्या बढ़ी है और नवजात शिशुओं की मृत्यु दर में कमी आई है।

### मेडिकल शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा

छत्तीसगढ़ सरकार मेडिकल शिक्षा को भी बढ़ावा दे रही है. नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की जा रही है,जिससे मेडिकल कालेजों की संख्या में जबरदस्त इजाफा हुआ है. पैरामेडिकल और नर्सिंग कॉलेजों को अधिक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे प्रदेश में प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों की संख्या बढ़े. चिकित्सा अनुसंधान को प्रोत्साहित करने के लिए सरकारी संस्थानों को विशेष अनुदान दिया जा रहा है. छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने राज्य का दूसरा बजट पेश किया, जिसमें स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को विशेष प्राथमिकता दी गई है। बजट में सरकारी अस्पतालों के आधुनिकीकरण, मेडिकल कॉलेजों की स्थापना, ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती और आयुष्मान योजना के विस्तार के लिए बड़े वित्तीय प्रावधान किए गए हैं। सरकार का उद्देश्य प्रदेश में सुलभ, किफायती और अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है, जिससे हर नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

### स्वास्थ्य बजट में बड़ा इजाफा

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए पिछले वर्ष की तुलना में 25 अधिक बजट आवंटित किया है. यह राशि प्रदेश के सभी जिलों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए उपयोग में लाई जाएगी.

सरकारी अस्पतालों का आधुनिकीकरण और नई सुविधाएं

बजट में राज्य के सरकारी अस्पतालों को आधुनिक बनाने के लिए कई घोषणाएं की गईं, जिनमें प्रमुख हैं:

रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और अंबिकापुर के प्रमुख सरकारी अस्पतालों में सुपर स्पेशलिटी सुविधाओं की स्थापना.

जिला अस्पतालों में 200 नई क्उव और वेंटिलेटर बेड्स जोड़ने की योजना.

डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए ई-हॉस्पिटल प्रणाली का विस्तार.

ऑक्सीजन प्लांट्स और ब्लड बैंक की संख्या बढ़ाने के लिए रुपए 500 करोड़ का आवंटन.

मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना और आयुष्मान भारत का विस्तार

बजट में गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजनाओं को और मजबूत करने पर जोर दिया गया.

आयुष्मान भारत योजना के तहत अब 10 लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज मिलेगा.

मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना में 5 लाख से अधिक लोगों को जोड़ा जाएगा

## तीसरी पीढ़ी की राजनीति का उदय

# दादा थे पहले नगरपालिका अध्यक्ष, फिर पिता ने संभाली कमान, अब पोता बना उपाध्यक्ष



**संवाददाता ● मनेन्द्रगढ़**

**मनेन्द्रगढ़।** शहर सरकार की सियासत में एक परिवार की तीसरी पीढ़ी की राजनीति का उदय हुआ है. 22 साल के युवा अभिषेक पांडेय ने नगर पंचायत झगराखांड के उपाध्यक्ष पद पर जीत हासिल कर अपनी तीसरी पीढ़ी को राजनीति के क्षेत्र में आगे बढ़ाया.झगराखांड नगर पंचायत जब 1980 में झगराखांड नगरपालिका था, तो यहां के पहले अध्यक्ष स्व. जीएन पांडेय थे।

वे 1980 से 1996 तक झगराखांड नगरपालिका के अध्यक्ष रहे. इसके बाद 2004 में हुए नगरीय निकाय चुनाव में जीएन पांडेय के पुत्र रजनीश पांडेय नगर पंचायत झगराखांड के अध्यक्ष निर्वाचित हुए. रजनीश पांडेय 2019 में हुए नगरीय निकाय चुनाव में भी अध्यक्ष निर्वाचित हुए.

इस बार नगर पंचायत झगराखांड की अध्यक्ष पद की सीट पिछड़ा वर्ग महिला के लिए आरक्षित हो गई, जिसके चलते रजनीश पांडेय ने अपने बेटे अभिषेक पांडेय को पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ाया और उन्होंने जीत हासिल की. शनिवार को हुए उपाध्यक्ष चुनाव में अभिषेक ने जीत दर्ज कर एमसीबी जिले के सबसे युवा नगर पंचायत उपाध्यक्ष होने का गौरव प्राप्त किया. साथ ही, उन्होंने अपनी पारिवारिक राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाया. अभिषेक पांडेय का कहना है कि वे अपने स्वर्गीय दादा और पिता की तरह जनसेवा के कार्यों में आगे रहेंगे।

### पंचायत चुनाव के दौरान दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे

**जगदलपुर।** जिले के तारापुर पंचायत में उप सरपंच के चुनाव में जमकर बवाल कटा है. दो पक्षों के बीच मारपीट हुई है. इस दौरान लाठी-डंडे के हमले से 6 लोग घायल हुए हैं. देखते ही देखते गांव में तनाव की स्थिति बन गई. जिसके बाद पुलिस बल को तैनात किया गया. मामला नगरनार थाना क्षेत्र का है. जानकारी के मुताबिक, बकावंड ब्लाक के तारापुर पंचायत में उपसरपंच के लिए 2 उम्मीदवार मैदान में थे. उप-सरपंच चुनाव के दौरान दो पक्ष आसपास में भीड़ गए. दोनों ओर से जमकर लाठी-डंडे चले. मारपीट में 6 लोग घायल हो गए. घायलों को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है. शिकायत के बाद नगरनार थाना में पुलिस ने 4 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है।



### नक्सलियों के प्रिंटिंग प्रेस ठिकाने पर सुरक्षा बलों की दबिश, इन्वर्टर-प्रिंटर समेत कई सामान किया गया बरामद

सुकमा। जिले में सुरक्षा बलों को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र गोमगुड़ा के जंगलों में नक्सलियों के ठिकाने पर दबिश देकर पुलिस ने उनके प्रिंटिंग प्रेस से जुड़ा सामान बरामद किया है।जानकारी के अनुसार, जिला पुलिस बल, कोबरा 203 बटालियन और सीआरपीएफ 241 बटालियन की संयुक्त टीम को जलेरगुड़ा जंगल में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इसके आधार पर टीम सर्च ऑपरेशन के लिए रवाना हुई। ऑपरेशन के दौरान जवानों ने नक्सलियों के प्रिंटर, इन्वर्टर मशीन और अन्य सामग्री बरामद की।नक्सलियों ने सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के लिए ठिकाने के आसपास कई जगह स्पाइक ट्रैप बिछाए थे। हालांकि, सुरक्षाबलों की सतर्कता के चलते किसी प्रकार की हानि नहीं हुई। सुरक्षा बलों की इस कार्रवाई से नक्सलियों को बड़ा झटका लगा है। इलाके में अभी भी सर्चिंग अभियान जारी है, ताकि किसी और ठिकाने का पता लगाया जा सके।

# भाजपा और कांग्रेस ने अलग-अलग स्थानों पर ली शपथ

**संवाददाता ● बलौदाबाजार**





बलौदाबाजार नगर में शनिवार का दिन भारी गहमा-गहमी वाला रहा. एक ओर जिला पंचायत में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद को लेकर भाजपा कार्यालय में जमकर बवाल हुआ, तो दूसरी तरफ नगरपालिका शपथ ग्रहण समारोह में कांग्रेस पार्षदों ने आमंत्रण पत्र में उनके वरिष्ठ नेताओं के नाम नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए अलग से नगरपालिका कार्यालय में शपथ ग्रहण किया. इन सबके बीच नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा कि नगरपालिका क्षेत्र की जनता ने पहले दो बार और एक बार मेरी पत्नी, स्वर्गीय अंजु जैन को नेतृत्व प्रदान किया था. अब पुनः चौथी बार मुझे नगर विकास का दायित्व सौंपा गया है. इस बार ट्रिपल इंजन की सरकार बनी है, इसलिए काम ऐसा होगा कि भाजपा के साथ मेरा भी नाम हो.बलौदाबाजार नगर पालिका के अध्यक्ष और पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को आयोजित किया गया. यह कार्यक्रम राजनैतिक विवादों में घिरा रहा।

बता दें कि जहां नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद के लिए जीते भाजपा प्रत्याशी और पार्षदों को शपथ दिलाने की व्यवस्था जिला ऑडिटोरियम में की गई थी, जहां प्रदेश के राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा समेत अन्य नेताओं की मौजूदगी में शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया. वहीं कांग्रेस पार्षदों को नगर पालिका के सभाकक्ष में पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, कांग्रेस नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश यदु, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश ठाकुर सहित अन्य की मौजूदगी में शपथ दिलाई गई. दरअसल यह विवाद की स्थिति आमंत्रण पत्र में कांग्रेस नेताओं का नाम नहीं होने के बाद बनी.बलौदाबाजार एसडीएम अमित गुप्ता ने दोनों स्थानों पर अध्यक्ष सहित पार्षदों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई. हालांकि इस दौरान कांग्रेस ने भाजपा के प्रभाव में प्रशासन पर काम करने का आरोप लगाया. कांग्रेस नेताओं का कहना था कि आमंत्रण पत्र में उनके नेताओं का सम्मान नहीं किया गया, जिसके चलते उन्होंने ऑडिटोरियम में आयोजित शपथ ग्रहण का बहिष्कार कर दिया. कांग्रेस ने कलेक्टर से अलग से शपथ ग्रहण समारोह आयोजित कराने की मांग की थी, जिसे मानते हुए नगर पालिका के सभाकक्ष में कांग्रेस पार्षदों के लिए शपथ समारोह आयोजित करने की व्यवस्था की गई. हालांकि इस घटनाक्रम के बाद अब शहर में राजनीतिक माहौल गरमा गया है.राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि इस समय हमारे छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार थी और अब नगर पालिका में जीतने के बाद ट्रिपल इंजन की सरकार बन गई है. उन्होंने कांग्रेस के बहिष्कार पर कहा कि यह आयोजन प्रशासन के तरफ से किया गया था, जिसमें सभी को आना चाहिए था.

नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा कि नगर पालिका की जो मूलभूत समस्याएं हैं सड़क, बिजली, पानी को उसे दूर करने का काम किया जाएगा. कांग्रेस के बहिष्कार पर उन्होंने कहा कि यह उनकी सोच है सभी को आमंत्रण दिया गया था. इस विवाद पर कांग्रेस नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा कि भाजपा के इशारे पर प्रशासन ने आमंत्रण पत्र में कांग्रेस नेताओं का नाम नहीं था. और भाजपा ने नगर की स्वस्थ परंपरा को दूषित करने का प्रयास किया है हम धन्यवाद देते हैं कलेक्टर दीपक सोनी को जिन्होंने हमारी मांग मानकर अलग से शपथग्रहण कराया. कांग्रेस विकास की सोच रखती है नगर का विकास होगा और यदि गलत हुआ तो पुरजोर विरोध करेंगे.

आदित्य भारत
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, सोमवार, 10 मार्च, 2025
www.adityabharat.com



## बरसाना की लठामार होली



# हुरियारिनों ने बरसाईं लाठियां... हुरियारों की खुद को बचाने की लीला ने मोहा भक्तों का मन

**एजेंसी ● मथुरा**

लाठियों और ढाल के अद्भुत अनोखे रंग से गुलजार हो उठी बरसाना की गलियां। हुरियारिनों ने मस्ती में डूबे हुरियारों पर लाठियां बरसाईं तो मस्ती में डूबे हुरियारों द्वारा ढालों की ओट में खुद को बचाने की लीला जब रंग-रंगीले बरसाना में हुई तो मानो द्वापर युग सजीव हो उठा। लठामार होली की लीला की जीवंतता का आलम ऐसा था कि इसे देखने आंखें लालायित थीं और दिल इस रंग से सराबोर होने को मचल उठते हैं।

आनंद का समां ऐसा बंधा कि होली देखने को चन्द्र देव व सूर्य देव भी उतावले दिखे। जहां चन्द्र देव आने को बेताब तो वहीं सूर्य देव भी कहां पीछे हटने वाले थे, उन्होंने भी अस्त होने की गति ही रोक दी, हुरियारों हुरियारिनों की लठामार अनोखी होली के साक्षी बने। यूं तो बरसाना में दिन भर होली के रंग बरसे पर शाम पांच बजते ही लठमार होली शुरू हो गयी। नंदगांव के हरियारे बरसाना पहुंचे तो हुरयारिनें लठ लिए तैयार मिलीं। ताबड़तोड़ लाठी की बौछार शुरू हो गई, जमकर लठ बजाए गए। हुरियारे भी जैसे तैयार होकर आए थे। हुरियारिनें ने उन्होंने उन्हें खूब दौड़ाया, लेकिन उन्होंने भी इन वारों को अपनी ढालों पर झेला। बरसाना इस अद्भुत, अलौकिक दृश्य से सराबोर होता रहा। देश-विदेश से आए श्रद्धालु इस अनुपम होली के साक्षी बने।

## शॉट न्यूज

### सीरिया में हिंसा से दो दिन में एक हजार मौतें

**दमिश्क।** सीरिया के लताकिया और टार्टस में बीते कई दिनों से सेना और पूर्व राष्ट्रपति बशर अल असद के समर्थकों के बीच झड़प जारी है। इस हिंसा से 2 दिन में 1000 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। मौतों का यह आंकड़ा 2011 में सीरियाई गृह युद्ध के बाद सबसे ज्यादा है। इसकी जानकारी सीरिया में युद्ध पर नजर रखने वाली संस्था सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने दी है। संस्था के मुताबिक पिछले दो दिनों में सुरक्षाबलों ने अलावी मुस्लिम समुदाय के 745 से ज्यादा लोगों की हत्या कर दी। इनमें से ज्यादातर को फांसी दी गई है। इसके अलावा असद समर्थक 148 लड़ाके भी मारे गए हैं। वहीं इस हिंसा में सुरक्षा बलों के 125 जवानों की भी मौत हुई है। पिछले साल दिसंबर में तख्तापलट होने के बाद बशर देश छोड़कर रूस भाग गए थे।

### तेलंगाना टनल हादसा : 16वें दिन मजदूर का शव मिला

**नागरकुर्नूल।** तेलंगाना टनल हादसे के 16वें दिन रेस्क्यू टीम को पहला शव मिला है। बॉडी मशीन में फंसी हुई है। शव निकालने के लिए मशीन को काटने का काम जारी है। 7 मार्च को स्निफर डॉग्स (खोजी कुत्ते) को टनल में ले जाया गया था। रेस्क्यू ऑफिसर ने बताया कि मशीन में फंसे शव के केवल हाथ दिखाई दे रहे थे। बीते दिन राज्य के सिंचाई मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने बताया था कि खोजी कुत्तों ने खास जगह पर तेज गंध का पता लगाया है। पता चला है कि वहां तीन लोग मौजूद हैं। इसके बाद वहां पर जमा मलबा हटाया जा रहा था। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि शव उसी जगह मिला है या किसी अन्य जगह। बचाव अभियान में तेजी लाने के लिए रोबोट का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। मजदूरों की तलाश में 525 कर्मी लग हुए हैं।

### सैक्रामेंटो में श्री स्वामीनारायण मंदिर में इस तरह की घटना हुई

# कैलिफोर्निया के मंदिर में तोड़फोड़ हिंदू विरोधी नारे लिखे

**एजेंसी ● वॉशिंगटन**

अमेरिका के कैलिफोर्निया में एक हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की गई और उस पर आपत्तिजनक नारे लिखे गए। ये घटना चिनो हिल्स इलाके में हुई। इसकी जो तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की गई हैं, उनमें मोदी-हिंदुस्तान मुर्दाबाद जैसे स्लोगन और पीएम मोदी के लिए अभद्र भाषा लिखी दिखाई दे रही है।

**तोड़फोड़**

मंदिर बनवाने वाली संस्था BAPS अमेरिका ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर घटना की जानकारी शेयर की। सात महीने पहले सितंबर में भी कैलिफोर्निया के सैक्रामेंटो में श्री स्वामीनारायण मंदिर में इस तरह की घटना हुई थी। भारत के विदेश मंत्रालय ने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। मंत्रालय ने एक बयान जारी करके कहा कि हम स्थानीय लॉ अथॉरिटीज से अपील करते हैं कि वे आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करेंगे। साथ ही पूजा की जगहों पर पर्याप्त सुरक्षा का इंतजाम करेंगे।



### खालिस्तान जनमत संग्रह से पहले हुई घटना

अमेरिकी हिंदू संगठन CoHNA ने भी इस घटना की निंदा की है। संस्था ने कहा कि एक बार फिर हिंदू मंदिर को तोड़ा गया। यह बस एक आम दिन है, जब मीडिया और अकादमिक जगत यह मानने से इनकार करेगा कि हिंदू विरोधी नफरत मौजूद है और #Hinduphobia को सिर्फ हमारी कल्पना बताया जाएगा। इसमें भी कोई हैरानी नहीं है कि ऐसा तब हो रहा है, जब लॉस एंजिलिस में खालिस्तान जनमत संग्रह का दिन नजदीक आ रहा है। CoHNA ने ये भी बताया कि 2022 से अब तक अमेरिका के अलग-अलग राज्यों में कम से कम 10 मंदिरों में हिंदुओं के लिए अभद्र भाषा लिखी गई।

### क्या है खालिस्तानी जनमत संग्रह

कैलिफोर्निया में खालिस्तान आंदोलन के समर्थक खालिस्तानी रेफरेंडम* यानी जनमत संग्रह का आयोजन करा रहे हैं। यह आंदोलन भारत के पंजाब राज्य से अलग एक स्वतंत्र सिख राज्य की मांग करता है। इस रेफरेंडम का मकसद ग्लोबल स्तर पर खालिस्तान के समर्थन को बढ़ावा देना है। कुछ वर्षों में खालिस्तान समर्थकों ने कई देशों में ऐसे जनमत संग्रह आयोजित किए हैं, जिनमें ब्रिटेन, कनाडा, और अमेरिका शामिल हैं। ये आयोजन अक्सर विवादास्पद होते हैं और भारत सरकार इनकी निंदा करती है, क्योंकि वे भारत की एकता और अखंडता को चुनौती देते हैं।

# कुलभूषण को अगवा कराने वाला मारा गया

### बलूचिस्तान में अज्ञात हमलावरों ने गोली मारी

**एजेंसी ● क्वेटा**

भारतीय नौसेना के पूर्व अधिकारी कुलभूषण जाधव को अगवा कराने में मदद करने वाले मुफ्ती शाह मीर की पाकिस्तान के बलूचिस्तान में मौत हो गई है। उसे शुक्रवार रात अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मार दी। मुफ्ती मीर ने ईरान से कुलभूषण जाधव को अगवा करने में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी ISI की मदद की थी।

शुक्रवार रात को नमाज के बाद वह मस्जिद से बाहर निकल रहा था। तभी बाइक सवार हमलावरों ने घात लगाकर उस पर हमला कर दिया और कई गोली मारी। पाकिस्तानी अखबार डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक गोली लगने के बाद उसे अस्पताल ले जाया गया था, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। ह्यूमन ट्रैफिकिंग (मानव तस्करी) और हथियारों की तस्करी में शामिल मुफ्ती मीर इस्लामिक कट्टरपंथी पार्टी जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम का मेंबर था। बता



दें कि पाकिस्तानी सेना ने 3 मार्च 2016 को बताया था कि उसने कुलभूषण जाधव को बलूचिस्तान प्रांत से गिरफ्तार किया था। पाकिस्तान ने कुलभूषण पर जासूसी और देशविरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया था। पाकिस्तान ने एक वीडियो जारी किया था, जिसमें जाधव ने कथित तौर पर स्वीकार किया था कि वह भारतीय खुफिया एजेंसी RAW के लिए काम कर रहे थे और बलूचिस्तान और कराची में अस्थिरता फैलाने में शामिल थे। हालांकि, भारत ने इसे खारिज करते हुए कहा था कि ये जबरन लिया गया बयान है। भारत ने कहा कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों ने जाधव को ईरान से अगवा किया। जाधव रिटायरमेंट के बाद ईरान में बिजनेस कर रहे थे।

जाधव पर पाकिस्तान की सैन्य अदालत में मुकदमा चलाया गया था। 10 अप्रैल 2017 को सैन्य अदालत ने उन्हें जासूसी, आतंकवाद और देशविरोधी गतिविधियों के आरोप में मौत की सजा सुनाई थी। भारत ने इस फैसले की कड़ी निंदा करते हुए कहा था कि इस मामले में पारदर्शिता नहीं बरती गई। मई 2017 में, भारत ने अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (ICJ) का रुख किया और पाकिस्तान पर वियना संधि के उल्लंघन का आरोप लगाया था। भारत का तर्क था कि जाधव के मामले में निष्पक्ष सुनवाई नहीं की गई और उनके अधिकारों का उल्लंघन किया गया। ICJ ने जाधव की फांसी पर रोक लगाते हुए अंतिम निर्णय तक उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने का आदेश दिया था। जुलाई 2019 में, ICJ ने भारत के पक्ष में फैसला सुनाया और पाकिस्तान को आदेश दिया कि वह जाधव की सजा पर पुनर्विचार करे।

# ऑस्ट्रेलिया में हरियाणा के युवक को 40 साल की कैद

### 5 कोरियन युवतियों का रेप कर वीडियो बनाया

**एजेंसी ● रेवाड़ी**

हरियाणा में रेवाड़ी के रहने वाले एक युवक को ऑस्ट्रेलिया में रेप करने के मामले में 40 साल



कैद की सजा सुनाई गई है। सिडनी की एक कोर्ट ने रेवाड़ी के बालेश धनखड़ को कोरियन महिलाओं के साथ रेप करने के मामले में यह सजा सुनाई है। धनखड़ ऑस्ट्रेलिया में भारतीय जनता पार्टी के समर्थक संगठन 'ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ BJP का अध्यक्ष रह चुका है।

आरोपी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ कई कार्यक्रमों की फोटो भी अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट की हैं। बालेश बतौर छात्र 2006 में ऑस्ट्रेलिया गया था, जहां उसने पढ़ाई के बाद कई बड़ी कंपनियों में डेटा विजुलाइजेशन सलाहकार के रूप में काम किया। इसी दौरान उसने कोरियन मूल की 5 महिलाओं का रेप किया। 2018 में बालेश धनखड़ को गिरफ्तार किया गया था। सिडनी सेंट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक्ट यूनिट में पुलिस की छापेमारी में डेट-रेप ड्रग्स और घड़ी रेडियो के रूप में एक वीडियो रिकॉर्डर बरामद किया गया था। बालेश धनखड़ पर आरोप थे कि उसने 2017 में 5 कोरियन महिलाओं को नौकरी का झांसा देकर इंटरव्यू लेने के बहाने मिलने को बुलाया और फिर नशीली दवा देकर उनके साथ रेप किया। पुलिस ने अक्टूबर 2018 में जब धनखड़ के अपार्टमेंट पर छापा मारा था तो उसके पास महिलाओं से संबंध बनाने के दर्जनों ऐसे वीडियो मिले थे, जिन्हें हिडन कैमरे से बनाया गया था।

### रूसी आर्मी ने गैस पाइप लाइन में 15 किमी चलकर किया हमला

**मॉस्को।** यूक्रेनी सेना ने पिछले साल अगस्त में रूस के कुर्स्क इलाके पर हमला कर लगभग 1,300 वर्ग किलोमीटर पर कब्जा कर लिया था। रूसी सेना तबसे यूक्रेन को यहां से खदेड़ने के लिए लगातार संघर्ष कर रही है। रविवार को रूसी की स्पेशल फोर्स ने कुर्स्क में यूक्रेनी सेना पर हमला करने के लिए करीब 15 किमी एक गैस पाइपलाइन के अंदर पैदल सफर किया। रूस के वॉर ब्लॉगर यूरी पोडोल्याका ने बताया कि रूस की स्पेशल फोर्स ने गैस पाइपलाइन के अंदर लगभग 15 किलोमीटर तक पैदल चलकर कुर्स्क के सुद्झा के पास यूक्रेनी सेना पर टारगेट अटैक किया। सुद्झा में एक बड़ा गैस ट्रांसफर स्टेशन है, जिसके जरिए रूस की नेचुरल गैस को यूरोप पहुंचाया जाता है। सेकेंड वर्ल्ड वॉर के बाद पहली बार किसी देश ने रूस में घुसपैठ की है। वॉर ब्लॉगर पोडोल्याका का कहना है कि सुदझा में रात भर से लड़ाई जारी है, जो रुकी नहीं है। वहीं एक अन्य वॉर ब्लॉगर यूरी कोटेनोक का कहना है कि यूक्रेनी आर्मी सुदझा के इलाके से अपने मिलिट्री इक्विपमेंट हटाकर बॉर्डर के नजदीक ले जा रही है।

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक -** दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।
**संपादक-** दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नंबर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)